CMYK

RNI.No. — GUJHIN/2012/45192

# सूरत भूमि

हिन्दी दैनिक

संपादक : संजय आर. मिश्रा

वर्ष-10 अंक: 173 ता. 04 जनवरी 2022, मंगलवार , कार्यालय:114, न्यु प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेंट, डिंडोली, डिंडोली, उधना सूरत ( गुजरात ) मो. 9327667842, 9825646069 पृष्ठ: 8 कीमत: 2:00 रुपये

ho@suratbhumi.com /Suratbhumi.com /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi /Suratbhumi

## पहला कॉलम

### आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लिए आरक्षण संबंधी मामले की सुनवाई जल्द करें सुप्रीम कोर्ट

**नई दिल्ली ।** केंद्र की मोदी सरकार ने 'किसी अति आवश्यक स्थिति का हवाला देकर सुप्रीम कोर्ट से अनुरोध किया है,कि वह राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा-स्नातकोत्तर दाखिले के संबंध में आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग (ईडब्ल्यूएस) के लिए आरक्षण संबंधी मामले की सुनवाई मंगलवार को निर्धारित करे। सॉलिसिटर जनरल तुषार मेहता ने केंद्र की ओर से कोर्ट के समक्ष मामले का जिक्र किया, जिसके बाद न्यायमूर्ति डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति ए एस बोपन्ना की पीठ ने कहा कि ईडब्ल्यूएस आरक्षण मामले की सुनवाई शीर्ष अदालत की तीन न्यायाधीशों की पीठ कर रही है। न्यायमूर्ति चंद्रचूड़ ने कहा,सोमवार का काम समाप्त होते ही, मैं प्रधान न्यायाधीश एन वी रमण से मामले को सूचीबद्ध करने का अनुरोध करूंगा।मेहता ने कहा कि यदि मामले को मंगलवार के लिए सूचीबद्ध करना संभव नहीं है,तब बुधवार के लिए सूचीबद्ध किया जा सकता है। आरक्षण के क्रियान्वयन संबंधी सरकारी अधिसूचना को चुनौती देने वाले चिकित्सकों की ओर से अदालत में पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता अरविंद दातार ने कहा कि यदि इस मामले को मंगलवार या बुधवार को सूचीबद्ध किया जाता है,तब उन्हें इसमें कोई आपत्ति नहीं है। फिलहाल मामले को छह जनवरी को सुनवाई के लिए सूचीबद्ध किया गया है।

### माता वैष्णो देवी यात्रा के लिए केवल ऑनलाइन बुकिंग करा सकेंगे श्रद्धालु

**-भगदड़ हादसे के बाद श्राइन बोर्ड का फैसला**

**कटरा ।**

जम्मू में माता वैष्णो देवी मंदिर भगदड़ हादसे के एक दिन बाद अधिकारियों ने सुरक्षाकर्मियों की पूरी तैनाती के साथ व्यवस्था दुरुस्त कर दी और मंदिर परिसर में किसी भी तरह की भीड़भाड़ को रोकने के लिए कई कदमों की घोषणा की। बोर्ड ने फैसला किया है कि यात्रा के लिए बुकिंग केवल ऑनलाइन ही की जा सकेगी। वहीं श्रद्धालुओं के माता वैष्णो देवी मंदिर में दर्शन करने के लिए यहां आने का सिलसिला जारी है। उपराज्यपाल मनोज सिन्हा द्वारा गठित एक उच्चाधिकार प्राप्त जांच समिति ने मौके का दौरा किया और आम जनता से घटना के बारे में वीडियो, बयान या कोई अन्य सबूत साझा करने की अपील की। सिन्हा ने रविवार को यहां श्री माता वैष्णो देवी श्राइन बोर्ड की बैठक की अध्यक्षता की। अधिकारियों ने बताया कि बैठक यहां राज भवन में हुई और इसमें श्राइन बोर्ड के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रमेश कुमार समेत वरिष्ठ अधिकारी मौजूद रहे। बैठक के बाद सिलसिलेवार ट्वीट में उपराज्यपाल ने कहा कि श्रद्धालुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए कई फैसले लिए गए। उन्होंने कहा, 'अहम जांच के बाद आवश्यकता पड़ने पर व्यवस्थागत सुधारों, बुनियादी ढांचे का निर्माण शुरू करने, 100 प्रतिशत ऑनलाइन बुकिंग करने के लिए निर्देश जारी किए गए।' सिन्हा ने कहा, 'पूरे रास्ते पर भीड़भाड़ कम करने, भीड़ और कतारों के प्रभावी प्रबंधन के लिए प्रौद्योगिकी के उचित इस्तेमाल, आरएफआईडी ट्रैकिंग करने समेत कई कदम उठाए गए। बोर्ड के सदस्य इसका क्रियान्वयन देखेंगे।' उन्होंने घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों में से प्रत्येक को पांच लाख रुपये की अतिरिक्त अनुग्रह राशि देने की भी घोषणा की। उन्होंने कहा, 'अनुग्रह राशि के तौर पर 10 लाख रुपये दिए जाने के अलावा इस दुर्भाग्यपूर्ण दुखद घटना में जान गंवाने वाले श्रद्धालुओं के परिजनों को पांच लाख रुपये की अतिरिक्त राशि भी दी जाएगी।'

### अयोध्या के लिए 20 हजार करोड़ की परियोजनाएं मंजूर

**अयोध्या ।**

आजादी के सौवें साल यानी 2047 में अयोध्या को विश्व की सांस्कृतिक राजधानी बना देने की कल्पना कपोल कल्पित नहीं है बल्कि इस दिशा में गंभीर प्रयास भी शुरू हो चुके हैं। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की इस परिकल्पना को साकार करने में केन्द्रीय सड़क परिवहन मंत्री नितिन गडकरी ने सबसे बड़ी पहल की है। उन्होंने अपने विभाग से ही अकेले 20 हजार करोड़ की परियोजनाओं का प्रस्ताव तैयार करा दिया है। इन परियोजनाओं को शीघ्र धरातल पर उतारने में सांसद लल्लू सिंह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। यही कारण है कि 84 कोसी परिक्रमा मार्ग को न केवल राष्ट्रीय राजमार्ग का दर्जा मिला बल्कि चार हजार करोड़ की लागत से 275 किलोमीटर के हाईवे के निर्माण को भी मंजूरी मिल गयी। इसके अलावा दस हजार करोड़ की लागत से वाया अयोध्या होकर गोरखपुर-लखनऊ राष्ट्रीय राजमार्ग को छह लेन बनाने की परियोजना को भी हरी झंडी मिल गयी।

# देश में कोरोना विस्फोट एक दिन में मिले 33,750 नए केस

## एक्टिव मामले 1.45 लाख के पार

**नई दिल्ली ।**

कोरोना का संकट देश भर में तेजी से बढ़ रहा है और अब सावधान रहने की जरूरत है। बीते एक दिन में भारत में 33,750 नए कोरोना केस मिले हैं। यह लगातार छठा दिन है, जब कोरोना के मामलों में तेजी से इजाफा देखने को मिला है। चिंता की बात यह है कि नए केसों का आंकड़ा रिकवर होने वाले लोगों के मुकाबले तीन गुना अधिक है। एक दिन में महज 10,846 लोग ही रिकवर हुए हैं, जबकि 123 लोगों की मौत हो गई है। नए केसों के मुकाबले रिकवरी बेहद कम होने के चलते एक्टिव केसों में तेजी से इजाफा हुआ है। देश भर में सक्रिय मामलों का आंकड़ा तेजी से बढ़ते हुए 1,45,582 हो गया है। अब तक देश में कोरोना के चलते 4,81,893 लोग अपनी जान गंवा चुके हैं। फिलहाल राहत की बात यही है कि कोरोना संक्रमण के चलते डेथ रेट कम है और बहुत ज्यादा लोगों को अस्पताल में भर्ती करने की जरूरत नहीं पड़ रही है। इसके अलावा एक्टिव केस अब तक देश भर में मिले कुल मामलों के मुकाबले 0.42 फीसदी ही हैं। लेकिन वीकली पॉजिटिविटी रेट तेजी से बढ़ते हुए 1.68 फीसदी और डेली रेट 3.84% हो गया है। बीते एक सप्ताह में कोरोना संक्रमण के मामलों में तीन गुना तक का इजाफा हुआ है, जो सरकारों के अलावा आम लोगों की भी चिंताओं को बढ़ाने वाला है। हालांकि एक्सपर्ट्स का मानना है कि बड़े पैमाने पर वैक्सीनेशन के चलते अब आने वाली तीसरी लहर पहले की तरह घातक नहीं होगी। अभी रिकवरी रेट देश भर में 98.20त्न है, लेकिन जिस तरह से नए केसों में इजाफा देखने को मिल रहा है। उससे आने वाले दिनों में संकट बढ़ सकता है। गौरतलब है कि आज से देश में 15 से 18 साल के बच्चों को कोरोना टीका लगाने की शुरुआत होनी है। अब तक करीब 8 लाख बच्चों ने इसके लिए पंजीकरण करा लिया है।

## कांग्रेस नेता राहुल ने कहा- महिलाओं के अपमान के खिलाफ अब बोलना होगा

**नई दिल्ली ।**

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने महिलाओं के अपमान और सांप्रदायिक नफरत के खिलाफ लोगों से आवाज़ बुलंद करने का आग्रह करते हुए कहा कि यह खतरे के खिलाफ बोलने का वक्त है। बुली बाई ऐप पर मुस्लिम महिलाओं की सूची नीलामी के लिए डालने को लेकर सोशल मीडिया इस्तेमाल करने वाले लोगों और महिला अधिकार समूहों की नाराज़गी के बीच गांधी का ट्वीट आया है। ऐप पर सैकड़ों मुस्लिम महिलाओं की सूची तस्वीरों के साथ नीलामी के लिए डाल दी गई। यह एक साल से भी कम वक्त में दूसरी बार हुआ है। ऐसा लगता है कि यह ऐप सुली डील्स की क्लोन (प्रति) है जिसने पिछले साल विवाद खड़ा किया था। गांधी ने नो फीयर (भय रहित) हैशटैग का इस्तेमाल करते हुए ट्वीट किया, महिलाओं का अपमान और सांप्रदायिक नफ़रत तभी बंद होंगे जब हम सब एक आवाज़ में इसके ख़िलाफ़ खड़े होंगे। साल बदला है, हाल भी बदलो- अब बोलना होगा! कम से कम सौ प्रभावशाली मुस्लिम महिलाओं की तस्वीरें एक ऐप पर अपलोड किए जाने पर मचे बवाल के बाद सूचना एवं प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने कहा कि मेजबान मंच गिटहब ने उपयोगकर्ता (यूजर) को ब्लॉक करने की पुष्टि की है तथा भारतीय कम्प्यूटर आपदा प्रतिक्रिया दल (सीईआरटी) और पुलिस अधिकारी आगे की कार्रवाई के लिए समन्वय कर रहे हैं। भारतीय कंप्यूटर आपात प्रतिक्रिया टीम (सीईआरटी) नोडल एजेंसी है जो साइबर सुरक्षा खतरें से निपटती है।

## देश भर में 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने की मुहिम शुरू



**चड़ीगढ़ ।**

देश में ओमीक्रोन के बढ़ते खतरे को देखकर मोदी सरकार की तरफ से 3 जनवरी से देश भर में 15 से 18 वर्ष तक के बच्चों को कोरोना वैक्सीन लगाने की मुहिम शुरू की गई है। पंजाब में भी 14 लाख बच्चों को भारत सरकार की तरफ से कोवैक्सिन का पहला टीका लगाने की मुहिम सोमवार से राज्य के सरकारी अस्पतालों में शुरू कर दी गई है। कोरोना के बढ़ते हुए प्रभाव और वैक्सीन के दुनिया भर में आए अच्छे नतीजों को देखकर माता पिता की तरफ से अपने बच्चों को कोरोना टीका लगवाने के लिए भारी उत्साह दिखाया जा रहा है। टीकाकरण स्टाफ की तरफ से 15 से 18 वर्ष उम्र के बच्चों को सोमवार को वैक्सीन की पहली डोज लगाई गई। इस मौके बच्चों के टीकाकरण के लिए अस्पताल में विशेष प्रबंध किए गए हैं। जो बच्चों के आज पहली डोज लगाई जा रही है, उन्हें 28 दिनों बाद दूसरी डोज लगाई जाएगी।

पंजाब में कोरोनों के बढ़ते खतरे और सरकार की तरफ से 15 जनवरी से बिना टीकाकरण वाले व्यक्तियों के जनतक स्थानों पर जाने की लगाई सख्त पाबंदियों के चलते अस्पताल में टीकाकरण के लिए अचानक भारी भीड़ जुट्ट गई है। उन्होंने बताया कि सुबह से ही लोगों की कोरोना वैक्सीन लगवाने के लिए लंबी लाईनें लगीं हुई हैं। उधर दूसरी तरफ राज्य के सेहत सचिव ने एक बयान जारी करते हुए कहा कि राज्य के 15 से 18 वर्ष तक के 14 लाख बच्चों के टीकाकरण का लक्ष्य रखा गया है।

## राज्यसभा सांसद की मांग, श्रीकृष्ण की नगरी से विधानसभा का चुनाव लड़े सीएम योगी

### राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर कहा

**नई दिल्ली ।**

भाजपा के राज्यसभा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को मथुरा से विधान सभा का चुनाव लड़ाने की मांग की है।हरनाथ ने राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को पत्र लिखकर ब्रज क्षेत्र की जनता की भावनाओं का ख्याल रखकर योगी को श्रीकृष्ण की नगरी से विधानसभा का चुनाव लड़वाने की मांग की है। सांसद यादव ने राष्ट्रीय अध्यक्ष को पत्र लिखने की पुष्टि करते हुए कहा कि उन्होंने सिर्फ मध्यस्थ का काम करते हुए भगवान श्री कृष्ण की इच्छा को राष्ट्रीय अध्यक्ष तक पहुंचा दिया है।भाजपा राज्यसभा सांसद ने कहा कि प्रदेश के मुख्यमंत्री के तौर पर योगी ने ब्रज सहित प्रदेश के सभी इलाकों का विकास किया है, लेकिन उनके यहां से चुनाव लड़ने पर श्रीकृष्ण की नगरी का और तीव्र गति से विकास होगा। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा को लिखे पत्र में यादव ने लिखा है, मुख्यमंत्री ने स्वयं ही अपनी ओर से घोषित किया कि पार्टी जहां से कहेगी मैं वहीं से चुनाव लड़ूंगा।वैसे प्रदेश की प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं की इच्छा होगी कि योगी जी उनकी विधानसभा से चुनाव लड़ें। लेकिन मैं बहुत विनम्र शब्दों में आपको निवेदन करता हूं कि ब्रज क्षेत्र की जनता की विशेष इच्छा है कि योगी जी भगवान श्रीकृष्ण जी की नगरी मथुरा से चुनाव लड़ें और यह पत्र मुझे स्वयं भगवान श्रीकृष्ण जी ने लिखने के लिए प्रेरित किया है। क्या पश्चिमी उत्तर प्रदेश में किसानों की नाराजगी दूर करने और भाजपा के पक्ष में चुनावी माहौल बनाने के लिए योगी को मथुरा से चुनाव लड़ाने की मांग की जा रही है, के सवाल के जवाब का देकर उन्होंने कहा कि कहीं भी कोई भी किसान मुख्यमंत्री योगी या भाजपा से नाराज नहीं है और पूरे प्रदेश में भाजपा के पक्ष में माहौल बना हुआ है।

## सिद्धू ने कहा, फिर सरकार बनने में 5 लाख लोगों को रोजगार मिलेगा, नहीं तो मैं राजनीति छोड़ दूंगा

**चंडीगढ़ ।**



पंजाब में अगले साल विधानसभा चुनाव होने वाले हैं।इस लेकर राजनीतिक दल मतदाताओं को लुभाने की कोशिशें कर रहे हैं।इसी कड़ी में प्रदेश कांग्रेस प्रमुख नवजोत सिंह सिद्धू ने फगवाड़ा में रैली को संबोधित करते हुए कहा कि प्रदेश में फिर से कांग्रेस सरकार बनने पर 5 लाख लोगों को रोजगार दिया जाएगा।अगर ऐसा नहीं हुआ,तब मैं राजनीति छोड़ दूंगा। फगवाड़ा विधायक बलविंदर सिंह धालीवाल द्वारा आयोजित रैली को संबोधित करते हुए सिद्धू ने कहा कि वह अपना वचन देते हैं, कि उनका 13 सूत्री कार्यक्रम गरीबों के कल्याण के लिए है। उन्होंने कहा कि मैं वादा करता हूं अगर प्रदेश में कांग्रेस की सरकार फिर से बनने पर 5 लाख लोगों को नौकरी दी जाएगी और अगर ऐसा नहीं हुआ,तब मैं राजनीति छोड़ दूंगा।उन्होंने भारतीय जनता पार्टी पर निशाना साधकर कहा कि प्रतिद्वंद्वी नेताओं को या भाजपा में शामिल होने या फिर केंद्रीय एजेंसियों द्वारा कार्रवाई का सामना करने की धमकी दे रहे हैं। उन्होंने कहा कि जांलधर में भाजपा ने अपना दफ्तर 5 साल में नहीं खोला, क्योंकि पार्टी नेताओं को पता था कि ऐसा करने पर किसानों का विरोध झेलना पड़ेगा।

## भारत ने कोविड पैकेज पर विचार के लिए डब्ल्यूटीओ की आपात बैठक बुलाने की मांग की

**नई दिल्ली ।**

भारत ने दुनिया के विभिन्न देशों में कोरोना संक्रमण के बढ़ते मामलों के बीच विश्व व्यापार संगठन (डब्ल्यूटीओ) के प्रस्तावित पैकेज पर विचार के लिए जिनेवा में डब्ल्यूटीओ की आम परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है। पैकेज में पेटेंट से छूट का प्रस्ताव भी शामिल है। डब्ल्यूटीओ की आम परिषद संगठन का निर्णय लेने वाला शीर्ष निकाय है। संगठन के कामकाज को सुचारू रूप से चलाने को लेकर इसकी बैठक नियमित तौर पर होती रहती है। इसमें सभी सदस्य देशों के प्रतिनिधि (राजदूत या उसके समकक्ष) होते हैं और इसके पास दो साल पर होने वाले मंत्री स्तरीय सम्मेलन की तरफ से काम करने का अधिकार है। भारत ने महामारी से निपटने में मदद के लिये बौद्धिक संपदा अधिकार से संबंधित व्यापार पहलुओं (ट्रिप्स) पर कोई प्रगति नहीं होने को लेकर नाखुशी जताकर इस प्रस्ताव को डब्ल्यूटीओ के प्रस्तावित पैकेज में शामिल करने का आह्वान किया है। भारत और दक्षिण अफ्रीका ने अक्टूबर, 2020 में पहला प्रस्ताव देकर कहा था कि कोविड-19 की रोकथाम और इलाज में मदद को लेकर सभी डब्ल्यूटीओ सदस्यों को ट्रिप्स समझौते के कुछ प्रावधानों के क्रियान्वयन से छूट मिलनी चाहिए। इस साल मई में संशोधित प्रस्ताव दिया गया। बौद्धिक संपदा अधिकार के व्यापार पहलुओं पर करार जनवरी, 1995 में लागू हुआ था। यह बौद्धिक संपदा अधिकार कॉपीराइट, औद्योगिक डिजाइन, पेटेंट और अघोषित सूचना या व्यापार से संबंधित गोपनीय सूचना के संरक्षण से संबंधित बहुपक्षीय समझौता है। अधिकारी ने कहा, हमने कोरोना से निपटने को लेकर पेटेंट में छूट सहित डब्ल्यूटीओ के पैकेज पर विचार को लेकर आम परिषद की आपात बैठक बुलाने की मांग की है। डब्ल्यूटीओ यह बैठक 10 जनवरी से शुरू कर सकता है।

### अरनिया सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश कर रहे व्यक्ति को बीएसएफ ने मार गिराया

**श्रीनगर ।** जम्मू-कश्मीर में लगातार दूसरे दिन घुसपैठ की वारदात हुई है। सीमा सुरक्षा बल के जवानों ने अरनिया सेक्टर में घुसपैठ की कोशिश को नाकाम कर घुसपैठिया को मार गिराया। इससे पहले कुपवाड़ा जिले में शनिवार को सुरक्षा बलों के साथ मुठभेड़ में एक आतंकवादी मारा गया। यह मुठभेड़ उत्तरी कश्मीर जिले के जुमागुंड इलाके में हुई थी। दरअसल, सूत्रों के हवाले से बताया गया कि सेना के जवानों ने सोमवार सुबह अरनिया में भूले चक पोस्ट के पास एक व्यक्ति को सीमा पार पाकिस्तान की ओर से बाड़ की ओर बढ़ते हुए देखा।सेना के जवानों ने व्यक्ति को कई बार चेतावनी दी लेकिन चेतावनी का नजरअंदाज कर बाड़ की ओर बढ़ता हुआ भारतीय सीमा के अंदर घुसने का प्रयास करने लगा। चेतावनी के बावजूद भी घुसपैठिया नहीं माना,तब बीएसएफ जवानों ने उस गोली मार दी। बताया गया कि घुसपैठिये का शव अभी भी अंतरराष्ट्रीय सीमा के पास पड़ा हुआ है। पिछले महीने भी बीएसएफ ने अल्लाह माई के कोठे बॉर्डर चौकी के पास एक महिला घुसपैठिए को मार गिराया था। वहीं एक दिन पहले ही कुपवाड़ा में आतंकवादी उस समय मारा गया जब वह सीमा पार से भारतीय क्षेत्र में घुसपैठ करने की कोशिश कर रहा था। इससे पहले पुलिस ने शुक्रवार को भी पंथा चौक में जैश-ए-मोहम्मद के तीन आतंकवादियों को मार गिराने का दावा किया।

## ओमिक्रॉन इफेक्ट- दिसंबर में बेरोजगारी दर चार महीने के उच्चस्तर 7.9 प्रतिशत पर पहुंची

**नई दिल्ली ।**

ओमिक्रॉन की पुष्टि के बाद कोरोना की तीसरी लहर के बीच देश में फिर बेरोजगारी बढ़ने लगी है। भारत की बेरोजगारी दर दिसंबर में चार महीने के उच्चतम स्तर पर पहुंच गई है। सेंटर फॉर मॉनिटरिंग इंडियन इकोनॉमी (सीएमआईई) के आंकड़ों से इसका पता चला है। रिपोर्ट के अनुसार दिसंबर में बेरोजगारी दर 7.9 प्रतिशत रही जो नवंबर (7.0 प्रतिशत) के मुकाबले ज्यादा है। सीएमआईई के अनुसार अगस्त 2021 (8.3 प्रतिशत) के बाद यह बेरोजगारी दर सबसे ज्यादा है। सीएमआईई के ताजा डाटा के मुताबिक, दिसंबर में शहरी क्षेत्र में बेरोजगारी दर 9.3 प्रतिशत पर पहुंच गई है। नवंबर में ये 8.2 प्रतिशत थी। ग्रामीण बेरोजगारी दर भी दिसंबर में बढ़कर 7.3 प्रतिशत पर पहुंच गई है। कई अर्थशास्त्रियों को चिंता है कि ओमिक्रॉन पिछली तिमाही में देखे गए आर्थिक सुधार को नुकसान पहुंचा सकता है। राज्यों की बात करें तो नवंबर माह में सबसे ज्यादा बेरोजगारी दर हरियाणा की रही, यह 34.1 प्रतिशत है। इसके बाद राजस्थान में 27. प्रतिशत झारखंड 17. प्रतिशत, बिहार 16 प्रतिशत और जम्मू-कश्मीर 15 प्रतिशत रही। राजधानी दिल्ली की बात करें तो दिसंबर में यहां बेरोजगारी की दर 9.8 प्रतिशत रही। सीएमआईई के मुताबिक 2021 में सितंबर में बेरोजगारी दर 11.84 प्रतिशत पर पहुंच गई थी। हालांकि इसके बाद इसमें गिरावट देखने को मिली और ये सितंबर में 6.86 प्रतिशत पर आई थी लेकिन अब ये फिर से बढ़ने लगी है।

सीएमआईई के मुताबिक भारतीय अर्थव्यवस्था की हेल्थ को बेरोजगारी दर सही तरह से दर्शाता है।

## चीन का भूमि सीमा कानून 1 जनवरी 2022 से लागू

### भारत के साथ रिश्तों पर पड़ेगा असर

**नई दिल्ली ।**

चीन का भूमि सीमा कानून 1 जनवरी 2022 से लागू हो गया है।चीन ने बीते साल ही कानून को मंजूरी दी थी। चीन ने यह कानून उस समय में लागू किया है, जब पूर्वी लद्दाख में भारत के साथ तनाव की स्थिति बनी हुई है। इतना ही नहीं चीन ने अरुणाचल प्रदेश के कई इलाकों का नया नामकरण कर राजदूत ने भारत के कई नेताओं को देश में रह रहे तिब्बती समुदाय के लोगों के कार्यक्रम में न जाने की नसीहत दी है। चीन की नेशनल पीपल्स कांग्रेस की स्टैंडिंग कमिटी ने कानून को पारित किया था। इसमें चीन की भूमि सीमा के संरक्षण करने और उस पर अतिक्रमण को रोकने की बात कही गई है। कानून में कहा गया है, चीन की अखंडता और संप्रभुता पवित्र और अपरिहार्य है। इसकी रक्षा के लिए सरकार को प्रयास करने की जरूरत है, ताकि कोई भी अतिक्रमण न कर सके।% कानून में कहा गया है, कि सरकार को सीमा सुरक्षा, आर्थिक और सामाजिक विकास किए जाने की जरूरत है। इसके अलावा इंफ्रास्टकचर को मजबूत करने, सीमाओं पर लोगों के जीवन को आसान बनाने और आबादी को बसाने की जरूरत है। जानकार ने लिखा था कि इसका भारत के साथ संबंधों पर असर पड़ेगा। उन्होंने कहा था कि बीते कुछ सालों से सीमाओं के मुद्दे पर भारत और चीन के बीच में तनाव की स्थिति है।इसकारण चीन यह चाहता है कि वह अपने नियंत्रण वाले इलाकों में स्थिति को मजबूत करे। यही नहीं उनका कहना है कि सेंट्रल एशिया से लगने वाली अपनी सीमा को लेकर भी चीन चिंतित है।चीन को लगता है कि अफगानिस्तान से अमेरिकी सैनिकों की वापसी के बाद तालिबान बेकाबू हो गया है और उसके इलाके में घुसपैठ, आतंकवाद जैसी समस्याएं पैदा होगी हैं। इसके अलावा घरेलू राजनीति में अपनी छवि को मजबूत करने के लिए शी जिनपिंग ने ऐसा कदम उठाया है। चीन की ओर से लागू नए कानून में भारत का यूं तो कोई जिक्र नहीं है, लेकिन असर जरूर पड़ेगा। चीन और भारत 3,488 किलोमीटर लंबी सीमा साझा करते हैं और इस पर विवाद है। चीन की 22,457 किलोमीटर लंबी सीमाएं हैं और इन्हें वह 14 देशों के साथ साझा करता है। भारत के अलावा भूटान के साथ चीन 477 किलोमीटर की सीमा साझा करता है और उससे भी विवाद है। चीन के इस नए कानून को लेकर यह संदेह जताया जा रहा है कि वह अब पूर्वी लद्दाख में विवाद के हल के लिए बातचीत के रास्ते से हट सकता है। दोनों देशों के कॉर्प्स कमांडर्स के बीच अक्टूबर में वार्ता हुई थी।तब भारत ने उम्मीद जताई थी कि चीन की सेनाओं ने हॉट स्प्रिंग्स से पीछे हट सकती है, लेकिन उसने अब तक नहीं किया है।

# 'दिवालिया' हो चुका पाकिस्तान, इमरान सरकार ने किया देश का बेड़ागर्क !

**पेशावर:** आर्थिक मंदी के सबसे बुरे दौर से गुजर रहा पाकिस्तान दिवालिया होने की कगार पर है। पाकिस्तान की खस्ता हालत का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इमरान सरकार को कर्ज चुकाने के लिए भी बार-बार ऋण लेना पड़ रहा है। देश की अर्थव्यवस्था गर्त में जा चुकी है। मीडिया रिपोर्टों के अनुसार?चीन और खाड़ी देशों के कर्ज में फंसे पाकिस्तान की हकीकत अब सामने आने लगी है। पाकिस्तान की इमरान खान सरकार की दुनिया भर में किरकिरी हो रही है। दरअसल, इमरान सरकार देश की अर्थव्यवस्था को स्थिर रखने में पूरी तरह नाकाम साबित हुई है। आर्थिक मंदी के सबसे बुरे दौर से गुजर रहे पाकिस्तान की करंसी यानि पाकिस्तानी रुपया दुनिया की सबसे खराब प्रदर्शन करने वाली मुद्राओं में से एक बन गया है।

इस साल की शुरुआत से इसमें 12 फीसदी की गिरावट आ चुकी है। मई मध्य में इसके मूल्य में 17 फीसदी की गिरावट दर्ज की गई थी जब एक अमेरिकी डॉलर की कीमत 152.50 रुपए हो गई थी। पाकिस्तान के प्रधानमंत्री इमरान खान के कार्यकाल के दौरान हालात इतने खराब हो चुके हैं कि पाकिस्तान के पास चीन के कर्ज को चुकाने के लिए भी पैसे नहीं हैं। पाकिस्तान ने चीन के अलावा, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई),



सऊदी अरब, विश्व बैंक, अंतरराष्ट्रीय मुद्रा कोष से भी भारी मात्रा में कर्ज लिया हुआ है। पाकिस्तान पर घरेलू और विदेशी कर्ज 50 हजार अरब रुपए से भी ज्यादा हो चुका है। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक गत दिवस हुई एक बैठक में पाकिस्तान की सबसे बड़ी धार्मिक पार्टी और सुन्नी कट्टरपंथी दल जमिअत उलेमा-ए-इस्लाम के प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान ने प्रधानमंत्री इमरान खान को मिनी बजट के मुद्दे पर जमकर कोसा है । विपक्षी दलों के गठबंधन पाकिस्तान डेमोक्रेटिक एलायंस के अध्यक्ष मौलाना फजलुर रहमान ने इमरान सरकार पर गंभीर आरोप लगाए व मिनी बजट पेश करने और स्टे बैंक ऑफ पाकिस्तान को एक स्वायत्त निकाय बनाने के लिए कड़ी आलोचना की। उन्होंने चेतावनी दी कि SBP को IMF को सौंपने से ओटोमन साम्राज्य की तरह पाकिस्तान का पतन हो सकता है।

इससे एक सप्ताह पहले पाकिस्तान के संघीय राजस्व बोर्ड के पूर्व अध्यक्ष शब्बर जैदी ने कहा कि उनका देश 'दिवालिया' हो चुका है और 'भ्रम में रहने' से बेहतर है कि वास्तविकता को पहचाना जाए। जैदी 10 मई 2019 से छह जनवरी 2020 तक शीर्ष कर प्राधिकरण के अध्यक्ष थे।

उन्होंने चीनी राष्ट्रपति शी जिनपिंग के ड्रीम प्रॉजेक्ट चाइना पाकिस्तान इकनॉमिक कॉरिडोर पर भी गंभीर सवाल उठाए। जैदी ने चीन-पाकिस्तान आर्थिक गलियारे परियोजना में पारदर्शिता की वकालत करते हुए कहा था कि वह खुद अभी तक पूरी तरह से नहीं समझ पाए हैं कि CPEC क्या है।

## इजरायल में लगेगी कोरोना वैक्सीन की चौथी डोज, इन्हें दी जाएगी खुराक

**यरुशलम।** इजरायल अपने देश के नागरिकों को कोरोना वैक्सीन की चौथी खुराक देने जा रहा है। प्रधानमंत्री नाफ्ताली बेनेट ने रविवार को इसकी घोषणा की है। उन्होंने कहा कि इजरायल में 60 साल से अधिक उम्र के लोगों और मेडिकल स्टाफ को कोविड वैक्सीन की चौथी डोज दी जाएगी। बता दें कि इजरायल ने बीते हफ्ते फाइजर और बायोएनटेक की वैक्सीन की चौथी खुराक को मंजूरी दी थी। कमजोर इम्यूनिटी वाले लोगों और बुजुर्गों के लिए ये दूसरा बूस्टर डोज है। एक न्यूज कांफ्रेंस में पीएम बेनेट ने कहा,



'हमारे पास रक्षा की नई परत है।' उन्होंने कहा कि इजरायल के शीर्ष चिकित्सा अधिकारी ने बूस्टर कैंपेन को बढ़ावा देने के लिए अपनी मंजूरी दे दी है। इजरायल एक बार फिर वैश्विक टीकाकरण प्रयास में अग्रणी होगा। इससे पहले, स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक नचमन ऐश ने कहा था कि इजराइल हर्ड इम्युनिटी तक पहुंच सकता है क्योंकि ओमिक्रोन का संक्रमण बढ़ गया है। बता दें कि ओमिक्रोन वैरिएंट कोरोना की लहर का कारण बन गया है। कई देशों में इसके रिकार्ड मामले सामने आ रहे हैं। 24 दिसंबर से 26 दिसंबर तक औसतन इसके रोजाना 10 लाख से ज्यादा मामले सामने आए हैं। हालांकि, मौतें उस हद तक नहीं बढ़ी हैं, क्योंकि बताया जा रहा है ये वैरिएंट कम घातक है।

**अगले तीन हफ्तों में बढ़ सकते हैं मामले**

मामना जा रहा है कि इजरायल में अगले तीन हफ्तों में रोजाना रिकार्ड मामले सामने आ सकते हैं। बेनेट ने आशंका जताई थी कि रोजाना 50 हजार लोग संक्रमित हो सकते हैं।

## सूडान में जारी राजनीतिक गतिरोध के बीच प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक ने दिया इस्तीफा

**काहिरा।** सूडान में जारी राजनीतिक गतिरोध के बीच प्रधानमंत्री अब्दुल्ला हमदोक ने इस्तीफा दे दिया है। उन्होंने कल एक भाषण के दौरान अपने इस्तीफे की घोषणा की। बता दें कि सूडान की सेना ने पिछले साल सत्ता पर कब्जा कर लिया था और हमदोक को नजरबंद कर दिया गया था, लेकिन इस तख्तापलट के बाद पीएम और सेना के बीच सत्ता की साझेदारी को लेकर एक समझौता हुआ, जिसके बाद उन्हें बहाल कर दिया गया।इस समझौते और सेना के दखल को लेकर आम लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। प्रदर्शनकारी, सेना और राजनेता के बीच हुए इस समझौते को खारिज करते हुए देश में पूरी तरह नागरिक शासन लागू करने की मांग कर रहे हैं। यहां सूडानी सुरक्षा बलों ने लोकतंत्र समर्थक प्रदर्शनकारियों को हिंसक रूप से तितर-बितर कर दिया, जिसमें कम से कम दो लोग मारे गए। हजारों लोग खार्तूम और देश भर के अन्य शहरों में अक्टूबर के अधिग्रहण के खिलाफ सड़कों पर उतरे थे।

सूडान डाक्टर्स कमिटी, जो लोकतंत्र आंदोलन का हिस्सा है, ने बताया कि जिस प्रदर्शनकारी की मृत्यु हुई है उसके सिर पर वार किया गया था। दूसरे प्रदर्शनकारी की मृत्यु ओडुरमैन शहर में हुई थी। उसके सीने पर गोली मारी गई थी। इस दौरान एक दर्जन प्रदर्शनकारी जख्मी हुए हैं। एक कार्यकर्ता ने बताया कि सेना ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए आंसू गैस और ग्रेनेड का इस्तेमाल किया था। अब्दुल्ला हमदोक ने कहा कि मैंने देश को बर्बादी की ओर जाने से रोकने की पूरी कोशिश की। सहमति तक पहुंचने के लिए जो कुछ भी कर सकता था मैंने किया, लेकिन इसके बावजूद ऐसा नहीं हो सका।

## अमेरिका में कोरोना का कहर, 24 घंटे में रद हुई 2000 फ्लाइट

**वाशिंगटन।** कोरोना संक्रमण दुनियाभर में कोहरम मचा रहा है। कोरोना का असर विमानों की आवाजाही पर भी पड़ रहा है। कोरोना के बढ़ते मामलों के चलते अमेरिका में बीते 24 घंटे में लगभग 2 हजार फ्लाइट रद की गई हैं। फ्लाइटअवेयर का हवाला देते हुए द हिल ने अपनी रिपोर्ट में कहा कि रविवार सुबह अमेरिका में या बाहर कुल 1,956 उड़ानें रद कर दी गई जबकि 870 उड़ानों में देरी हुई। द हिल के अनुसार, दक्षिण-पश्चिम में 264 फ्लाइट रद हुई, जेटब्लू ने 169 रद उड़ानों की सूचना दी और डेल्टा ने 161 फ्लाइट रद की। वहीं, अमेरिकन्स एयरलाइंस ने 136 फ्लाइट रद की जबकि यूनाइटेड ने 94 यात्राएं रद की। बता दें कि अमेरिका में कोरोना के चलते बड़ी संख्या में उड़ानें रद हो रही हैं।फ्लाइटअवेयर के आंकड़ों के अनुसार, पिछले 10 दिनों के दौरान रविवार और क्रिसमस की पूर्व संध्या सहित एयरलाइंस ने अमेरिका में 14,000 से अधिक उड़ानें रद कर दी हैं।

## अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन कोरोना वायरस से संक्रमित

**वाशिंगटन।** अमेरिका के रक्षा मंत्री लॉयड ऑस्टिन ने बताया कि वह कोरोना वायरस से संक्रमित पाए गए हैं और उनमें संक्रमण के मामूली लक्षण हैं। ऑस्टिन ने रविवार रात एक बयान में अपने संक्रमित होने की जानकारी दी और बताया कि वह पृथक-वास में रह रहे हैं।




उन्होंने कहा कि आगामी सप्ताह में ''जितना संभव हो सकेगा', वह उतनी बैठकों में 'डिजिटल' माध्यम से भाग लेंगे।

उन्होंने कहा, ''मैंने राष्ट्रपति (जो बाइडेन) और मेरी टीम को मेरे संक्रमित पाए जाने की जानकारी दे दी है।' ऑस्टिन ने कहा, ''मेरे स्टाफ के कर्मियों ने मेरे संपर्क में आए लोगों का पता लगाना शुरू कर दिया है और उन सभी लोगों की जांच की जा रही है, जो पिछले सप्ताह मेरे संपर्क में आए थे।' ऑस्टिन (68) ने बताया कि उनका पूर्ण टीकाकरण हो चुका है और उन्होंने अक्टूबर में 'बूस्टर' खुराक भी ली थी। उन्होंने कहा, ''टीके लाभकारी हैं....मैं सभी को 'बूस्टर' खुराक लेने के लिए प्रोत्साहित करता हूं।'


## मंगल, शुक्र पर भी धरती जैसा जीवन संभव, नासा के शीर्ष वैज्ञानिक जिम ग्रीन विदाई के वक्त बोले

**वाशिंगटन।** अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा के शीर्ष वैज्ञानिक रहे जिम ग्रीन ने बड़ा दावा किया है। नए साल के पहले दिन 31 साल तक नासा में काम करने के बाद विदाई के वक्त उन्होंने कहा कि मंगल और शुक्र ग्रह को भी धरती की तरह रूपांतरित किया जा सकता है। 1980 में नासा ज्वाइन करने वाले ग्रीन ने धरती के चुंबकीय क्षेत्र को समझने, बाहरी सौर मंडल का पता लगाने और मंगल पर जीवन की खोज में अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी की बड़ी मदद की है। जिम ग्रीन ने बीते चार दशकों में 12 साल नासा के ग्रह विज्ञान विभाग के निदेशक के रूप में कार्य किया है। वे पिछले तीन साल से नासा के मुख्य वैज्ञानिक थे।

उन्होंने नासा की अनेक वैज्ञानिक खोजों को मूर्त रूप दिया है। ग्रीन ने अपने करियर की शुरुआत पृथ्वी के चुंबकीय क्षेत्र और प्लाज्मा तरंगों पर शोध के साथ की थी।

**'एलियन' के जीवन का पता लगाने के लिए 'कोल्ड स्केल' बनाई**

जिम ग्रीन की हाल की सबसे अहम खोजों में 'एलियन' के जीवन का पता लगाने के लिए 'कोल्ड स्केल' का विकास है। इसके साथ ही उन्होंने यह दावा किया है कि हम मंगल ग्रह को टेराफॉर्म कर सकते हैं, यानी इसे मनुष्यों के



लिए रहने योग्य बना सकते हैं। उन्होंने कहा कि हम एक विशाल चुंबकीय कवच का उपयोग करके लाल ग्रह के वायुमंडल को अलग करने से रोकने के लिए उसकी सतह का तापमान बढ़ा सकते हैं।

एक अमेरिकी अखबार को दिए साक्षात्कार में जिम ग्रीन ने नासा व अपनी तमाम खोजों व शोधों को लेकर विस्तार से बातचीत की। उन्होंने बताया कि अन्य ग्रहों पर जीवन का पता लगाने के लिए 'कोल्ड स्केल' ईजाद की गई है। इसकी जरूरत इसलिए पड़ी क्योंकि कुछ सालों पहले कुछ वैज्ञानिकों ने दावा किया था कि उन्होंने शुक्र ग्रह के वातावरण में फॉस्फीन देखा है। इसकी प्रचुरता को देखते हुए उन्होंने दावा किया था कि इससे उन्हें यह भरोसा होने लगा कि वहां जीवन की बड़ी संभावना है।

## राष्ट्रपति जो बाइडन का यूक्रेन को भरोसाः कहा- अगर रूस आप पर हमला करता है तो अमेरिका करारा जवाब देगा

**वाशिंगटन।** अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन ने अपने यूक्रेनी समकक्ष वलोडिमिर ज़ेलेंस्की को आश्वस्त किया कि अगर रूस यूक्रेन पर आक्रमण करने के लिए आगे बढ़ता है तो अमेरिका निर्णायक और करारा जवाब देगा। व्हाइट हाउस ने इसकी जानकारी दी है। व्हाइट हाउस के प्रेस सचिव जेन साकी ने कहा कि यूक्रेन की सीमाओं पर रूसी सैन्य बिल्डअप के साथ बाइडन ने एक फोन कॉल के दौरान राष्ट्रपति जेलेंस्की को स्पष्ट किया कि संयुक्त राज्य अमेरिका और उसके सहयोगी निर्णायक रूप से जवाब देंगे यदि रूस यूक्रेन पर और आक्रमण करता है। राष्ट्रपति बाइडन ने यूक्रेन के राजनयिक प्रयासों के लिए समर्थन व्यक्त किया, जो कि अगले सप्ताह द्विपक्षीय रणनीतिक स्थिरता वार्ता के साथ शुरू होगा। जेलेंस्की के साथ अपने कॉल में बाइडन ने



यूक्रेन को उसके भविष्य के बारे में चर्चा करते हुए 'आपके बिना आपके बारे में कुछ भी नहीं' के सिद्धांत के लिए वाशिंगटन की प्रतिबद्धता पर जोर दिया।

यूक्रेन सीमा पर रूसी सैन्य निर्माण और चल रहे तनाव के बीच 10 जनवरी को जिनेवा में रूसी और अमेरिकी अधिकारियों के व्यक्तिगत रूप से मिलने के कुछ दिन पहले यह बातचीत महत्वपूर्ण मानी जा रही है। जेलेंस्की ने इस सप्ताह की शुरुआत में अमेरिकी विदेश मंत्री एंटनी ब्लिंकन के साथ भी इस मुद्दे पर बात की थी।

**यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की ने जो बाइडन का शुक्रिया अदा किया**

जेलेंस्की ने बाद में ट्वीट कर संयुक्त राज्य अमेरिका के अटूट समर्थन की सराहना की और कहा कि यह कॉल दोनों देशों के संबंधों की विशेष प्रकृति को साबित करता है। बता दें कि उच्च पदस्थ अमेरिकी और रूसी अधिकारी संकट पर चर्चा के लिए 9 और 10 जनवरी को जिनेवा में बैठने वाले हैं। यूक्रेन में तनाव बढ़ने के बाद इस सप्ताह की शुरुआत में बाइडन ने पुतिन से बात की थी, दोनों नेताओं ने तीन सप्ताह में फोन पर दूसरी बातचीत की थी।

बीते शुक्रवार को जहां बाइडन ने पुतिन से कहा कि आगामी बातचीत तभी कारगर हो सकती है जब रूसी नेता तनाव घटाने के लिए कदम आगे बढ़ाएं जबकि रूसी राष्ट्रपति ने स्पष्ट किया कि यदि रूस पर हमला किया गया तो नतीजे गंभीर होंगे। अब 9 व 10 जनवरी को यूक्रेन सीमा पर रूस के एक लाख सैनिकों की तैनाती पर चर्चा की जाएगी लेकिन आपसी मतभेद के चलते इसमें कोई हल निकल पाए, यह मुश्किल दिख रहा है।

## रिपोर्टः दुनियाभर में 488 पत्रकारों का उत्पीड़न, चीन में सर्वाधिक

**पेरिस।** बीते साल 2021 में पत्रकारों के उत्पीड़न का नया रिकॉर्ड बना और उन्हें हिरासत में लेने के 488 मामले दर्ज किए गए। इनमें भी सबसे ज्यादा 127 मामले चीन में दर्ज हुए। वह लगातार पांचवें साल सूची में सबसे ऊपर रहा। पेरिस आधारित अंतरराष्ट्रीय संगठन 'रिपोर्टर्स विदाउट बॉर्डर्स' (आरएसएफ) ने वार्षिक रिपोर्ट में कहा कि वह 1995 से पत्रकारों के उत्पीड़न का रिकॉर्ड रखता है। पिछले साल सबसे ज्यादा पत्रकार उत्पीड़न का शिकार बने। हांगकांग समेत चीन में 127 पत्रकारों को हिरासत में लिया गया। म्यांमार में 53, वियतनाम में 43 और बेलारूस में 32 पत्रकारों को हिरासत में लिया



गया। आरएसएफ ने कहा कि यह दुनिया में सत्ता पर काबिज शक्तियों में बढ़ती तानाशाही का प्रमाण है। मार्च में म्यांमार में सेना के खिलाफ चल रहा प्रदर्शन कवर करने गए स्वतंत्र पत्रकार की हिरासत में मौत हो गई थी। स्थानीय मीडिया के मुताबिक, संभवतःउसकी मृत्यु पूछताछ के दौरान पिटाई करने से हुई।

## बदले की कार्रवाईः रॉकेट हमले के बाद इस्राइल की हमास के ठिकानों पर एयर स्ट्राइक, लड़ाकू विमानों से बरसाए बम

**गाजा ।** इस्रायली सेना ने सुबह गाजा पट्टी में आतंकी ठिकानों पर एयर स्ट्राइक कर लड़ाकू विमानों से बम बरसाए। इससे एक दिन पहले हमास के नियंत्रण वाले गाजा से इस्राइल पर रॉकेट दागे गए थे। दक्षिणी गाजा पट्टी के खान यूनिस से रिकॉर्ड किए गए वीडियो में तीन बड़े धमाकों की आवाज को रिकॉर्ड किया गया है। हालांकि, अभी तक इस हमले में किसी के भी हताहत होने की जानकारी नहीं है। इस साल मई में भी हमास और इस्राइल के बीच जंग हुई थी। इस्रायली सेना ने कहा कि ये हवाई हमले गाजा की ओर से शनिवार को दो रॉकेट दागे जाने के बाद जवाबी कार्रवाई के तौर पर किए गए। हमले रॉकेट उत्पादन करने वाली इकाई और हमास की सेना चौकी को निशाना बनाया गया। हालांकि ये रॉकेट मध्य इजराइल में भूमध्य सागर में जा कर गिरे थे। लेकिन ये स्पष्ट नहीं है कि इन



रॉकेट हमलों को इस्राइल को निशाना बनाकर किया गया था या नहीं। लेकिन गाजा स्थित उग्रवादी संगठन अकसर ही समुद्र की ओर मिसाइलों का परीक्षण करता रहा है। गौरतलब है कि सितंबर में एक घटना को छोड़कर मई में इस्राइल और हमास के बीच 11 दिन चले युद्ध को समाप्त करने के लिए लागू संघर्ष विराम के बाद से दोनों ओर से कोई सीमा पार रॉकेट हमला नहीं हुआ था।

**इस्राइल-हमास के बीच तनाव की वजह**-चरमपंथी 'हमास ग्रुप' का कहना है कि इस्राइल ने गाजा पर लगाई गई नाकेबंदी को कम करने के लिए गंभीर कदम नहीं उठाए। इसे लेकर ही अकसर तनाव बना रहता है। गाजा पट्टी पर हमास ने 2007 में कब्जा कर लिया था।

गाजा में फलस्तीनी उग्रवादियों ने पिछले महीने 25 दिसंबर को सुरक्षा बाड़ के पास एक इस्रायली नागरिक को गोली मार दी थी। इसके बाद इस्राइल ने टैंकों के जरिये हमास के कई ठिकानों को निशाना बनाते हुए इसका जवाब दिया।

## बांग्लादेश में फिर निशाने पर हिंदू ; 3 मंदिरों के बाहर लटकाया गया बीफ, भड़का विवाद

**ढाका।** बांग्लादेश में दुर्गा पूजा दौरान भड़की देशव्यापी हिंसा के बाद यहां हिंदू एक बार फिर से निशाने पर हैं। इस बार बांग्लादेश में मंदिरों के साथ बेअदबी का मामला सामने आने पर विवाद भड़क गया है।। बांग्लादेश में अल्पसंख्यक हिंदू समुदाय द्वारा लालमोनीरहाट जिले के तीन मंदिरों में बेअदबी की घटनाओं में लिप्त अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर किए प्रदर्शन के बाद पुलिस ने शिकायतें दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। गौरतलब है कि इस जिले की सीमा भारत से लगती है।'डेली स्टार' की रिपोर्ट के मुताबिक लालमोनीरहाट जिले के हाटीबंध उपजिले में तड़के पॉलीथीन में पैक कच्चा 'बीफ' गेंदुकुरी गांव के तीन हिंदू मंदिरों और एक घर के दरवाजे पर लटका दिया गया जिसके बाद हिंदू समुदाय के लोग भड़क गए और




प्रदर्शन शुरू कर दिए। घटना के सिलसिले में हाटीबंध थाने में शुक्रवार रात चार शिकायतें दर्ज कराई गई हैं। एक स्थानीय पत्रकार ने बताया कि इलाके के मुस्लिम निवासियों ने घटना की निंदा करते हुए कहा है कि यह उन तत्वों ने किया है जो अलग-अलग धर्मों के लोगों के बीच की सद्भावना को बाधित करना चाहते हैं।घटना में शामिल अपराधियों की गिरफ्तारी की मांग को लेकर स्थानीय हिंदू समुदाय के सदस्यों ने गांव के श्री श्री राधा गोविंद मंदिर में विरोध प्रदर्शन किया।

## कोरोना के बीच अब दुनिया में तबाही मचाने आया 'फ्लोराना' ! इजराइल में मिला पहला मामला

**गाजा ।** कोरोना महामारी के संकट से जूझ रही पूरी दुनिया को अब नई मुसीबत फ्लोरोना का सामना करना पड़ सकता है। अरब न्यूज के अनुसार इजराइल ने 'फ्लोरोना' बीमारी का पहला मामला दर्ज किया है। यह बीमारी कोविड??-19 और इन्फ्लूएंजा का दोहरा संक्रमण है। अरब न्यूज ने ट्वीट किया, 'इजराइल में फ्लोरोना रोग का पहला मामला दर्ज किया गया, यह कोविड19 और इन्फ्लूएंजा का दोहरा संक्रमण है।' इस बीच, इजराइल के राष्ट्रीय स्वास्थ्य प्रदाताओं ने कमजोर इम्युनिटी वाले व्यक्तियों को कोविड??-19 के खिलाफ चौथा टीका देना शुरू कर दिया है।

इस बामारी का खुलासा इजराइली अखबार 'Yediot Ahronot' ने किया है। अखबार के मुताबिक इस सप्ताह रैबिन मेडिकल सेंटर में बच्चे को जन्म देने आई एक गर्भवती महिला में दोहरे संक्रमण का पहला मामला दर्ज किया



गया है। बता दें कि अभी तक इस बीमारी को लेकर स्वास्थ्य विशेषज्ञों की तरफ से कोई बयान नहीं आया है इसलिए अभी तक यह साफ नहीं हो पाया है कि क्या यह दो वायरस का संयोजन अधिक गंभीर बीमारी का कारण बन सकता है? वैसे इजराइल में ये अभी तक का इकलौता मामला है लेकिन माना जा रहा है अन्य रोगियों में भी 'फ्लोरोना' मौजूद हो सकता है जो जांच न होने के चलते सामने नहीं आया। इस बीच टाइम ऑफ इजराइल ने बताया कि स्वास्थ्य मंत्रालय के महानिदेशक नचमन ऐश ने आज ओमिक्रॉन वैरिएंट की लहर के कारण कम इम्युनिटी वाले लोगों के लिए बूस्टर डोज की इजाजत दे दी।

बता दें कि इजरायल दुनिया का पहला और फिलहाल अकेला देश है जहां कोरोना से बचाव के लिए दो बूस्टर डोज लगाई जा रही हैं। शुक्रवार की सुबह ऐश ने वृद्ध रोगियों के लिए जेरियाट्रिक सुविधाओं के टीके को भी मंजूरी दी।

बता दें कि इस समय जहां भारत में कोरोना की दो भयानक लहर गुजर चुकी हैं और तीसरी का खतरा मंडरा रहा है वहीं दुनिया के कई देशों में कोरोना की चौथी लहर जारी है। ऐसे में जहां एक तरफ दुनिया कोरोना संकट को झेल नहीं पा रही है तो वहीं अब एक और फ्लोरोना बीमारी ने दस्तक देकर लोगों की टेंशन बढ़ा दी है।

**सुविचार** हम अपनी आशा के अनुसार मनुष्य के ज्ञान का न्याय करते हैं। - राल्फ वाल्डो इमर्सन

# संपादकीय

## संघर्ष से शुरुआत

नए साल में हमने महामारी की बढ़ती बेचैनी के साथ प्रवेश किया है। पिछले साल पहली तारीख को 19,000 से कुछ ज्यादा नए मामले आए थे, लेकिन इस बार 1 जनवरी को 22,775 मामले दर्ज हुए हैं। अगर मामले बढ़ रहे हैं, तो इसके लिए वायरस कम और लोग ज्यादा जिम्मेदार हैं। बार-बार कहा जा रहा था कि दिशानिर्देशों की पालना की जाए, लेकिन जो निंदनीय ढिलाई बरती गई है, उसके नतीजे परेशान करने लगे हैं। ओमीक्रोन मामले ज्यादा चिंताजनक नहीं हुए हैं, पर 460 मामलों के साथ महाराष्ट्र शीर्ष पर है, दिल्ली 351, तमिलनाडु 121 और गुजरात में 136 मामले सामने आए हैं। भारत के अपेक्षाकृत विकसित राज्यों में लोगों ने दिशानिर्देशों की यथोचित पालना नहीं की है, तो चिंता उन राज्यों को लेकर है, जो अपेक्षाकृत विकसित नहीं हैं। साल की पहली सुबह ही वैष्णव देवी तीर्थ में मची भगदड़ प्रमाण है कि लोग शारीरिक दूरी बरतने के प्रति कितने लापरवाह हो गए हैं। साल के पहले ही दिन अगर राज्यों को विशेष इंतजाम के निर्देश जारी करने पड़े हैं, तो गंभीरता को समझा जा सकता है। केंद्रीय स्वास्थ्य सचिव ने 1 जनवरी को राज्यों को अतिरिक्त आइसोलेशन बेड, अस्थाई अस्पताल, फील्ड अस्पताल और बाल चिकित्सा देखभाल इकाइयां बनाने के लिए लिखा है। आशंका है कि मामलों में देखी गई वृद्धि भारत में स्वास्थ्य के बुनियादी ढांचे पर दबाव डाल सकती है। बार-बार जारी हो रहे निर्देश क्या यह संकेत दे रहे हैं कि हम दूसरी लहर के बाद भी उतने तैयार नहीं हैं, जितना हमें होना चाहिए? जरूरी इंतजाम के निर्देश जारी होते करीब-करीब दो वर्ष हो जाएंगे। क्या निर्देशों को लागू करने वाला महकमा आदेशों-निर्देशों पर ज्यादा कान नहीं दे रहा है? क्या दिशा-निर्देश केवल लोगों को दिखाने या बताने के लिए जारी किए जा रहे हैं? यहां हमें यह गौर कर लेना चाहिए कि जिन लोगों ने दूसरी लहर के समय लापरवाही बरती थी, जिनकी वजह से कालाबाजारी, जमाखोरी और अभाव का आलम बना था, उनके खिलाफ आखिर कितने कदम उठाए गए? चिंता सिर्फ इसलिए बढ़ जाती है या डर सिर्फ इसलिए ज्यादा सताता है, क्योंकि आपदा में अवसर तलाशने वाले श्वेत-श्याम अपराधियों के खिलाफ आदर्श कार्यवाही या कार्रवाई लोगों के सामने नहीं आई है। लोगों को मौखिक रूप से भयभीत या सावधान करने से ज्यादा जरूरी है संक्रमण से लड़ने के जमीनी इंतजाम करना। पश्चिमी देशों में कोरोना के खिलाफ लड़ाई कहीं न कहीं ज्यादा ईमानदार और कारगर रही है। यूएस सेंटर फॉर डिजीज कंट्रोल एंड प्रिवेंशन अपने कोविड आइसोलेशन दिशानिर्देशों को निरंतर संशोधित कर रहा है। कोशिश की जा रही है कि लोगों का पृथकवास समय कम से कम हो। वहां चिंता लोगों और देश का समय बचाने की है। अमेरिका में अगर महज पांच दिन का पृथकवास सफल रहता है, तो जाहिर है, पूरी दुनिया में इसे लागू किया जाएगा। शुरुआत में करीब 21 दिन का पृथकवास था, फिर यह 15 व 10 दिन का हुआ और अब महज पांच दिन का होने वाला है। पश्चिम में कोशिश चल रही है कि शून्य जोखिम वाला न सही, कम से कम जोखिम वाला समाज बने। हमें भी विज्ञान से लैस सजग, सभ्य समाज के रूप में सोचना चाहिए, अपनी और दूसरों की समान परवाह के साथ आश्वस्त आगे बढ़ना चाहिए।

# संस्कृति और संस्कार के साथ खिलवाड़ उचित नहीं...

(लेखिका-सोनम लववंशी )

आधुनिकता की दौड़ में आज हम अपने मानवीय मूल्यों को ही बिसारते जा रहे हैं। हम यह भूल गए है कि आधुनिकता की समझ के लिए परंपरा का ज्ञान होना जरूरी है। देखा जाए तो वर्तमान दौर में या यूं कहें कि आधुनिकता की आड़ में हम अपनी परंपरा को, अपने संस्कारों को ही तिलांजलि दे रहे हैं। वर्तमान दौर में देश का युवा पढ़-लिख लेने के बाद पश्चिमी मोह-पाश में फंसकर अपने संस्कारों और संस्कृति को ही दरकिनार करना सबकुछ समझ बैठा है, जोकि कहीं न कहीं उसकी नादानी है या आयातित सोच का प्रभाव। ऐसे में एक उक्ति याद आती है कि, 'निज भाषा उन्नति अहै, सब उन्नति का मूल।' जैसे कि व्यक्ति अपनी भाषा में ही उन्नति कर सकता है यह भारतेंदु हरिश्चंद्र जी का कहना है। वैसे ही हम अपना विकास अपनी संस्कृति और परंपरा का निर्वहन करके ही कर सकते हैं, लेकिन दुर्भाग्य यह है कि आज का युवा यह भूल गया है कि मॉर्डन होने का मतलब यह कतई नहीं है कि हम अपनी संस्कृति को ही भूल जाए। ये सच है कि परिवर्तन प्रकृति का नियम है। परिवर्तन की प्रक्रिया परंपरा की नवीनता को जन्म देती है। लेकिन नवीनता का प्रारंभ शून्यता से तो नहीं हो सकता ना? और नवीन होने का मतलब यह भी तो कतई नहीं कि हम अपनी जड़ों को भूल जाए? कहते हैं कि जो पेड़ अपनी जड़ें छोड़ देता है, उसे गिरने में ज्यादा समय नहीं लगता। इतना ही नहीं इतिहास साक्षी है कि जब-जब इंसान अपने मानवीय मूल्यों से दूर हुआ है तब-तब उसका पतन हुआ है। इसके अलावा किसी ने सच ही कहा है कि किसी देश को यदि नष्ट करना है तो उसकी संस्कृति को नष्ट कर दो वो देश स्वत: ही समाप्त हो जाएगा और आज यही हो रहा है पर अफ़सोस की हमारी युवा पीढ़ी को यह कहाँ नजर आता है, उसने तो आधुनिकता की पट्टी आंखों मे बांध रखी है। विज्ञापनों की बाढ़ ने उसे आधुनिक होने के लिए उद्वेलित कर रखा है भले ही उसके लिए चाहें संस्कृति और सभ्यता पर ही प्रश्न-चिह्न क्यों न खड़ा करना हो? अभी हाल ही में मध्यप्रदेश के नरसिंहपुर जिले में हुई एक शादी ने मीडिया में काफी सुर्खियां बटोरी। इसकी वजह भी अजीब थी, एक आईएएस अधिकारी ने अपने विवाह में कन्यादान की रस्म को करने से मना कर दिया। तर्क दिया कि वह दान की वस्तु नहीं है। कन्यादान जैसी परंपरा को सामाजिक बुराई बताने में कोई कोर कसर नहीं छोड़ी। एक कहावत है कि अधजल गगरी छलकत जाए। अब इसे अधूरा ज्ञान नहीं तो ओर क्या कहेंगे? जब मानव सभ्यता का आधार स्तम्भ विवाह है , जो मानव को सामाजिक स्वरूप प्रदान करता है। विवाह समाज संचालन की अहम कड़ी है। एक संस्कार है जो समाज को आगे बढ़ाता है। वहीं वेदों में कहा गया है कि विवाह दो आत्माओं का पवित्र बन्धन है। विवाह के बाद दो अलग-अलग प्राणी अपने अस्तित्व को समाप्त कर एक नए जीवन की शुरूआत करते हैं। विवाह संस्कार न होगा तो समाज में अराजकता पैदा होगी। फ़िर उसमें होने वाली रीति और नीति पर सवाल क्यों? लेकिन हमें इससे क्या हमें तो मॉर्डन बनना है। वैसे यह कोई पहली बार नहीं जब हमारी संस्कृति हमारी परम्पराओं का मजाक बनाया गया है। कुछ समय पहले ही मान्यवर कंपनी का एक विज्ञापन आया जिसमें आलिया भट्ट शादी की रस्मों पर सवाल उठाते दिखाई दी। विज्ञापन में बताया गया कि कन्या कोई दान की वस्तु नहीं। कन्यादान नहीं बल्कि कन्यामान की परंपरा की वकालत की। इसमें कोई बुराई नहीं कि कन्यादान को कन्या के मान के साथ जोड़ा जाए। पर क्या यह जरूरी है कि हमारी सांस्कृतिक विरासत के साथ खिलवाड़ किया जाए। वैसे गौर करने वाली बात यह भी है कि बॉलीवुड हो या फिर विज्ञापन जगत। सबको अपनी क्रिएटिविटी हिन्दू रीतिरिवाजों पर ही दिखानी होती है। हमेशा हिंदुओं को टारगेट किया जाता है। ऐसी सैकड़ों फिल्में बनी जिसमें मनोरंजन के नाम पर हमारी भावनाओं को आहत किया गया है। सेंसरबोर्ड तक ने कभी इन पर कैंची चलाना जरुरी नहीं समझा। यहां तक कि हमारे मीडिया ने भी इनका महिमामंडन करने का ही काम किया है। हिन्दू विवाह में पाणिग्रहण संस्कार की बात कही गई है। अग्नि को साक्षी मानकर कन्या का पिता अपनी बेटी के गोत्र का दान करता है। जिसके बाद कन्या अपने पिता का गोत्र त्याग कर पति के गोत्र में प्रवेश करती है। यह कहीं नही कहा गया कि कन्यादान में पिता अपनी बेटी का दान करता है। दान का अर्थ होता है किसी वस्तु पर से अपना अधिकार खो देना। कन्या न कोई वस्तु है और न ही शादी के बाद कन्या का अपने परिवार से सम्बंध खत्म होता है। ऐसे में कन्यादान जैसी पवित्र रस्म को वामपंथी मूर्खता या आयातित सोच का शिकार क्यों बनाया जा रहा है? ऐसी क्या वजह है कि जो सिर्फ़ आए दिन हिन्दू धर्म पर सवाल उठाए जाते है। हमारी परम्पराओ को आधुनिकता की आड़ में नीचा दिखाने का स्वांग रचा जाता है। हिन्दू विवाह पद्धति वैदिक काल से चली आ रही है। हमारे वेद पुराणों ने पत्नी को पति के अर्धभाग की संज्ञा दी है। विवाह को शारीरिक वासना की तृप्ति नहीं बल्कि एक धार्मिक अनुष्ठान माना गया है। जहां सप्तपदी में अग्नि को साक्षी मानकर मंत्रोचार के साथ वर वधू एक दूसरे का सुख-दु:ख में साथ निभाने की कसमें खाता है। वर्तमान दौर में तो यह फैशन बन गया है कि भारतीय परम्पराओ का मज़ाक बनाया जाए। हमारी संस्कृति की व्याख्या को गलत ढंग से प्रचारित प्रसारित किया जाए। फिर सवाल यही उठता है कि हिन्दू धर्म को ही क्यों निशाना बनाया जाता है? क्यों ये तथाकथित बुद्धिजीवी किसी और धर्म के खिलाफ़ आवाज नहीं उठाते। हिन्दू धर्म में शादी को 'पवित्र बंधन' कहा गया है। वही मुस्लिम समाज मे तो इसे एग्रीमेंट का नाम दिया गया है। एक मामले की सुनवाई में कर्नाटक उच्च न्यायालय ने भी कहा है कि, ' मुस्लिम निकाह एक एग्रीमेंट है, जिसके कई मतलब हैं, यह हिंदू विवाह की तरह कोई संस्कार नहीं और इसके टूटने से पैदा होने वाले कुछ अधिकारों और जिम्मेदारियों से पीछे नहीं हटा जा सकता। फिर भी इस कांट्रेक्ट मैरिज पर कोई सवाल नहीं। जिसमें मेहर अहम होता है। जिस तरह से वस्तु के विक्रय का मूल्य निर्धारित किया जाता है उसी तरह मुस्लिम विवाह में भी मेहर निर्धारित की जाता है। यहां तक कि तलाक का अधिकार तक पुरुषों को ही सिर्फ़ दिया जाता है। पर इसमें वर्तमान समाज को कहाँ बुराई नज़र आना है। ऐसे में समाज का दोहरा रवैया साफ दिखाई देता है। हिंदुओं को ही हमेशा टारगेट किया जाता है। अब यह हमारी उदारता कहे या कमजोरी, लेकिन जब अपने ही किसी जड़ को खोदने में लग जाएं, फ़िर चिंतन और मनन तो होना चाहिए। वैसे भारत को अपनी पुरातन संस्कृति के कारण ही विश्वगुरु का गौरव प्राप्त हुआ है। एक तरफ हमारे देश के युवा पश्चिम संस्कृति की ओर रुख कर रहे है और उनका अपनी संस्कृति से मोह भंग हो रहा है तो वही दूसरी तरफ विश्व के अन्य देश बड़ी संख्या में भारतीय संस्कृति को अपना रहे हैं।

# जीवन एक रंगमंच

पिंकी सिंघल

*किसी को लगती यात्रा जिंदगी*
*किसी को खेल नया प्रकार*
*जीवन रूपी रंगमंच के निभाते*
*हम सब भिन्न भिन्न क़िरदार*

जिंदगी एक रंगमंच है और हम सब इस रंगमंच पर अलग-अलग किरदार निभाने वाले अलग-अलग पात्र। विलियम शेक्सपियर ने भी कहा था कि जिन्दगी एक रंगमंच है और हम इस रंगमंच के कलाकार।देखा जाए तो यह बात काफ़ी हद तक ठीक भी है क्योंकि हम सब जीवन को अपने अपने तरीके से, अपने अपने नजरिए से ही तो देखते हैं,समझते हैं और सबके जीने का तरीका, जिंदगी को व्यतीत करने का ढंग भी अपना अलग ही किस्म का होता है,सब की प्राथमिकताएं अलग होती हैं। जीवन जीने का हमारा तरीका क्या होगा यह काफी हद तक हमारा पारिवारिक और प्राकृतिक परिवेश तय करता है। जिंदगी क्या है इसको लेकर भी हम सबके अलग-अलग विचार हैं, पृथक पृथक धारणाएं हैं। किसी के लिए यह जीवन ईश्वरीय उपहार है ,किसी के लिए यह जीवन एक खेल ही है तो किसी के लिए यह जीवन हमारे पिछले जीवन के कर्मों के हिसाब से इस जीवन को जीने की महज एक यात्रा। कहने का तात्पर्य यह है कि यह जीवन एक नाटक की भांति ही है जिसमें हम सब अपना अपना किरदार निभाते हैं और जीवन रूपी नाटक में रंग भरकर उसे अतीव रुचिकर बनाते हैं ताकि जिंदगी जीना आसान हो जाए। जिस प्रकार रंगमंच एक नियत अवधि के लिए ही होता है, उसी प्रकार हमारा जीवन भी बहुत ही लघु और अनिश्चित होता है। अपने छोटे से जीवन को प्यार से, प्रेम से व्यतीत कर हम इसे और भी हसीन और खूबसूरत बना सकते हैं। आपसी द्वेष भाव और वैमनस्य की भावना को दूर रख कर दिलों में मोहब्बत के दीप जलाकर हम ना केवल स्वयं को, अपितु दूसरों को भी सुख और शांति का अहसास करवा सकते हैं। जिस प्रकार रंगमंच में समय समय पर सीन बदलता रहता है उसी प्रकार हमारे जीवन में भी अनेक प्रकार की सीन रूपी परिस्थितियां आती रहती हैं। समय सदैव बदलता रहता है सुख के बाद दुख और दुख के बाद सुख आते ही रहते हैं ।परिस्थितियां बदलते देर नहीं लगती परंतु जिस प्रकार रंगमंच के किरदार और पात्र अपने-अपने हिस्से का किरदार बखूबी निभाते हैं उसी प्रकार हमें भी अपने जीवन में अपनी हर भूमिका का निर्वहन ईमानदारी और शिद्दत के साथ करना होता है तभी हम जिंदगी को सही तरीके से जी सकते हैं। जिस प्रकार रंगमंच के सभी पात्र अपना-अपना किरदार निभा का चले जाते हैं और रंगमंच समाप्त हो जाता है उसी प्रकार हमारा जीवन भी अति सूक्ष्म होता है, हमें भी अपने अपने हिस्से की जिम्मेदारी और भूमिका का निर्वहन करकर एक दिन यह जीवन रूपी रंगमंच छोड़कर जाना ही होता है जो हमारे स्वजनों के लिए अत्यंत दुखदाई होता है परंतु यह शत प्रतिशत सत्य है कि जीवन में कुछ भी स्थाई नहीं होता ,समय गतिशील होता है जो केवल आगे ही आगे की तरफ बढ़ता है ।बिलकुल उसी तरह जिंदगी कभी भी रिवर्स गियर में नहीं चलती और जीवन रूपी गाड़ी के पहिए भी सदैव आगे ही आगे की तरफ बढ़ते हैं। जीवन रूपी यात्रा को एक रंगमंच की भांति जी कर हमें अपने किरदार, अपने हिस्से की जिम्मेदारी को निभाना होता है और हमारी यह जीवन रूपी यात्रा रंगमंच की भांति रंग बिरंगे सुंदर चटकीले रंगों से सुसज्जित हो, इस के लिए हमें अपने जीवन में सुख और दुख दोनों को ही सहना आना चाहिए। सुख में अधिक खुश और दुख में अधिक दुखी ना हो कर दोनों के बीच समन्वय स्थापित करना हमें आना चाहिए और प्रतिकूल परिस्थितियों का भी सदैव डटकर सामना करना चाहिए क्योंकि परिस्थितियां हमेशा निरंतर बदलती रहती हैं। जीवन में सुख और दुख आते हैं और चले जाते हैं। यह एक सर्वमान्य तथ्य है कि दोनों में से कोई भी स्थिति स्थाई नहीं होती ।दोनों की अवधियां अलग अलग अर्थात छोटी बड़ी काम अधिक हो सकती हैं, परंतु दोनों में से कोई भी शाश्वत नहीं है। सुख के बाद दुख और दुख के बाद सुख आते हैं यही नियति है,यही जीवन है ।इसलिए हमें सुख और दुख में समभाव रखकर ही आगे बढ़ना चाहिए। बेवजह की आपाधापी में पड़ने की बजाए विवेकपूर्ण तरीके से ही जीवन के सभी जरूरी निर्णय लेकर जीवन रूपी यात्रा को हंसी खुशी पूरा करना चाहिए।



## आज के कार्टून




## बुरी आदत

श्रीराम शर्मा आचार्य

एक अमीर आदमी अपने बेटे की किसी बुरी आदत से बहुत परेशान था। वह जब भी बेटे से आदत छोड़ने को कहते तो उसका एक ही जवाब मिलता, 'अभी मैं इतना छोटा हूं। धीरे-धीरे ये आदत छोड़ दूंगा!' मगर वह कभी भी आदत छोड़ने का प्रयास नहीं करता। इस वजह से घरवाले काफी चिंतित रहने लगे। उन्हीं दिनों एक महात्मा गांव में पधारे हुए थे, जब आदमी को उनकी ख्याति के बारे में पता चला तो वह तुरंत उनके पास पहुंचा और अपने बेटे की बुरी आदत के बारे में उन्हें बताने लगा। महात्मा जी ने उसकी बात सुनी और कहा, 'ठीक है, आप अपने बेटे को कल सुबह बागीचे में लेकर आइये, वहीं मैं आपको उपाय बताऊंगा।' अगले दिन सुबह पिता-पुत्र बागीचे में पहुंचे। महात्मा जी बेटे से बोले, 'आइये हम दोनों बागीचे की सैर करते हैं।' और वो धीरे-धीरे आगे बढ़ने लगे। चलते-चलते ही महात्मा जी अचानक रु के और बेटे से कहा, 'क्या तुम इस छोटे से पौधे को उखाड़ सकते हो?' 'जी हां, इसमें कौन सी बड़ी बात है।' और ऐसा कहते हुए बेटे ने आसानी से पौधे को उखाड़ दिया। फिर वे आगे बढ़ गए और थोड़ी देर बाद महात्मा जी ने थोड़े बड़े पौधे की तरफ इशारा करते हुए कहा, 'क्या तुम इसे भी उखाड़ सकते हो?' बेटे को तो मानो इन सब में कितना मजा आ रहा हो, वह तुरंत पौधा उखाड़ने में लग गया। इस बार उसे थोड़ी मेहनत लगी पर काफी प्रयत्न के बाद उसने इसे भी उखाड़ दिया। वे फिर आगे बढ़ गए और कुछ देर बाद पुन- महात्मा जी ने एक गुड़हल के पेड़ की तरफ इशारा करते हुए बेटे से इसे उखाड़ने के लिए कहा। बेटे ने पेड़ का ताना पकड़ा और उसे जोर-जोर से खींचने लगा। पर पेड़ तो हिलने का भी नाम नहीं ले रहा था। जब बहुत प्रयास करने के बाद भी पेड़ टस-से-मस नहीं हुआ तो बेटा बोला, 'अरे! ये तो बहुत मजबूत है इसे उखाड़ना असंभव है।' महात्मा जी ने उसे प्यार से समझाते हुए कहा, 'बेटा, ठीक ऐसा ही बुरी आदतों के साथ होता है। जब वे नई होती हैं तो उन्हें छोड़ना आसान होता है, पर वे जैसे-जैसे पुरानी होती जाती हैं, इन्हें छोड़ना मुशिकल होता जाता है।' बेटा उनकी बात समझ गया और उसने मन-ही-मन आज से ही बुरी आदतें छोड़ने का निश्चय किया।

## सू-दोकू नवताल - 2009

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 9 | | 2 | 5 | 8 | 3 | 1 | | 7 |
| 5 | 3 | | | 7 | 9 | | | |
| | | 8 | | 1 | | | | |
| 8 | 2 | | | | | 5 | | 6 |
| 3 | | 6 | 1 | 4 | 2 | 7 | | 9 |
| 1 | | 7 | | | | | 3 | 4 |
| | | | | 6 | | 4 | | |
| | | | 7 | 2 | | | 9 | 8 |
| 7 | | 9 | 8 | 3 | 5 | 6 | | 1 |

### सू-दोकू -2008 का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरे जाने आवश्यक हैं। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है। आड़ी और खड़ी पंक्ति में एवं 3 x 3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका विशेष ध्यान रखें।

## फिल्म वर्ग पहेली-2009

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | | ■ | 2 | 3 | | 4 | | 5 | ■ |
| | ■ | 6 | | | ■ | | ■ | 7 | 8 |
| 9 | 10 | | | ■ | 11 | | | ■ | |
| ■ | 12 | | ■ | 13 | | ■ | ■ | 14 | |
| 15 | ■ | 16 | | ■ | | ■ | 17 | | ■ |
| 18 | | ■ | ■ | 19 | ■ | 20 | | ■ | 21 |
| | ■ | 22 | | | ■ | 23 | | 24 | |
| ■ | 25 | | ■ | 26 | 27 | ■ | ■ | | ■ |
| 28 | | | 29 | ■ | 30 | | ■ | ■ | 31 |
| ■ | | ■ | 32 | | | ■ | 33 | | |

### बायें से दायें:-

1. अमिताभ बच्चन, जया भादुड़ी की 'आये तुम याद मुझे' गीत वाली फिल्म-2
2. 'तुझे जीवन की डोर से बांध लिया है' गीत वाली फिल्म-3,3
6. 'जाने वाले से मुलाकात ना होने पाई' गीत वाली फिल्म-3
7. फिल्म 'प्रहार' में डिपल कपाड़िया के साथ नायक कौन-2
9. मनोजकुमार, बबीता की फिल्म-4
11. 'ये चांद खिला' गीत वाली राजकपूर, नर्गिस अभिनीत फिल्म-3
12. आमिर खान, मनीषा कोइराला अभिनीत फिल्म-2
13. सुनील शेट्टी, रंभा अभिनीत फिल्म-2
14. 'मुझे तेरे जैसी लड़की' गीत वाली फिल्म-2
16. जॉन अब्राहम, प्रियंका चोपड़ा की फिल्म-2
17. फिल्म 'जिद्दी' में रवीना टंडन के साथ नायक कौन था-2
18. बॉबी देओल, काजोल, मनीषा कोइराला की फिल्म-2
20. एक प्रसिद्ध गायक जिसका असली नाम 'शान्तनु मुखर्जी' है-2
22. शाहरुख खान, माधुरी की फिल्म-3
23. राकेश रोशन, जयाप्रदा की 'तुम संग प्रीत लगाई' गीत वाली फिल्म-4
25. 'रात अंधेरी दूर सवेरा' गीत वाली राज कपूर, नर्गिस की फिल्म-2
26. फिल्म 'विश्वनाथ' में शत्रुघ्न सिन्हा के साथ नायिका-2
28. 'मैं इक चोर तू मेरी रानी' गीत वाली राजेश खन्ना, शर्मिला टैगोर अभिनीत फिल्म-2,2
30. 'ऐ मेरे दिल कहीं और चल' गीत वाली फिल्म-2
32. अमिताभ, अमृता सिंह की फिल्म-3
33. सनी देओल, बॉबी देओल, उर्मिला मातोंडकर की 'हां हां ये प्यार है' गीत वाली फिल्म-3

### ऊपर से नीचे:-

1. शत्रुघ्न सिन्हा, रीना राय अभिनीत फिल्म-3
2. राजेन्द्रकुमार, सायराबानो अभिनीत फिल्म-3
3. 'ये उजली चांदनी जब' गीत वाली फिल्म-2
4. ऋषि कपूर, श्रीदेवी की फिल्म-3
5. मेहमूद के ट्रिपल रोल वाली फिल्म 'हमजोली' में जीतेंद्र के साथ नायिका कौन थी?-2
6. गोविंदा, मनीषा कोइराला की फिल्म-4
8. मिथुन, अतुल अग्निहोत्री, पूजा भट्ट की 'तेरे बिन मैं कुछ नहीं' गीत वाली फिल्म-3
10. अमिताभ, गोविंदा, रजनीकांत, किमी काटकर की फिल्म-2
11. शत्रुघ्न सिन्हा, संजयदत्त, शबाना, अनीता राज अभिनीत फिल्म-3
14. फिल्म 'बिच्छू' में बॉबी देओल के साथ नायिका कौन थी?-2
15. भारतभूषण, मधुबाला की फिल्म-3
17. 'आंखों में नींदें ना दिल में करार' गीत वाली फिल्म-3
19. सुरेश, मधुबाला अभिनीत फिल्म-3
20. फिल्म 'दिलजले' में अजय देवगन के किरदार का या नाम था-2
21. श्रेयस तलपदे, आयशा टकिया, गुल पनाग की अभिनीत फिल्म-2
22. विश्वजीत, वहीदा की 'राह बनी खुद मंजिल' गीत वाली फिल्म-3
24. आशुतोष, शरदकपूर, रोहित, नेत्रा की फिल्म-2
25. दिलीप कुमार, मीना कुमारी की फिल्म-3
27. नवीन निश्चल, आशा पारेख की 'ऐ बादल झूम के चल' गीत वाली फिल्म-3
29. 'एक मैं और एक तू' गीत वाली फिल्म 'खेल खेल में' में ऋषिकपूर के साथ नायिका कौन थी?-2
31. संजयदत्त, इंद्रकुमार, मनीषा कोइराला की 'सपने में कुड़ी वो आंदी है' गीत वाली फिल्म-2

### फिल्म वर्ग पहेली-2008

| | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| बं | ध | न | ■ | व | जू | द | ■ | स | नी |
| दि | ■ | सी | मा | ■ | ही | ग | ■ | ब | ■ |
| नी | ल | म | ■ | ग | ■ | र | क्ष | क | ■ |
| ■ | म्हे | ■ | खु | द्दा | र | ■ | त्रि | ■ | अ |
| स | ■ | ग | द | र | ■ | ज | य | श | ज |
| हे | मा | ■ | ग | ■ | सो | मी | ■ | जा | न |
| ली | ■ | क | र्ज | ■ | ■ | र | वि | ■ | बी |
| ■ | ज | या | ■ | म | स्त | ■ | दा | ग | ■ |
| द | ■ | म | र्या | दा | ■ | भा | ई | ■ | जू |
| स | पू | त | ■ | री | ■ | भी | ■ | डो | ली |

# जवां रहें हमेशा

जैसे-जैसे उम्र बढ़ती है, महिलाओं की युवा दिखने की इच्छा भी उसी रफ्तार से बढ़ने लगती है। वे तीस की उम्र में बीस की दिखना चाहती हैं, चालीस की उम्र में तीस की और पचास की उम्र में चालीस की। क्या सचमुच ये संभव है? और वे कौन-सी चीजें हैं जो महिलाओं को उम्र दर उम्र युवा बनाए रख सकती हैं?



हमेशा जवां दिखने की इच्छा यों तो हर इंसान में होती है, लेकिन महिलाओं में यह इच्छा कुछ ज्यादा ही प्रबल होती है। कभी मेकअप से, कभी कपड़ों से तो कभी अपने व्यवहार से खुद को युवा बनाए रखने का प्रयास लगातार जारी रहता है। कभी उनका यह प्रयास सफल होता है और कभी इसका असर उल्टा पड़ जाता है। वास्तव में महिलाओं की उम्र चार चीजों से झलकती है। वे कैसा मेकअप करती हैं, उनकी ड्रेसिंग कैसी है, उनका खानपान किस तरह का है और उनका व्यवहार क्या है। आइये जानें कि उम्र के अलग-अलग पड़ावों पर आप किस तरह खुद को युवा बनाए रख सकती हैं -

## तीस की उम्र में बीस की चाहत

बेशक तीस साल की महिलाओं को युवा ही माना जाता है, लेकिन फिर भी तीस की उम्र तक पहुंचते-पहुंचते उम्र अपना असर दिखाने लगती है। और इसी उम्र में यह इच्छा पैदा होती है कि आप खुद को बीस साल की युवती की तरह दिखाएं, यानी देखने वाले को आपकी उम्र का जरा भी इल्म ना हो। अगर आप अपनी उम्र को दस साल पीछे धकेलना चाहती हैं तो आपको इन चार बातों पर खास ध्यान देना होगा।

## आपकी ड्रेसिंग हो जवां

महिला की उम्र की चुगली करने में सबसे पहले ड्रेसिंग आती है। यानी आपकी ड्रेसिंग से ही इस बात का अंदाजा लगाया जा सकता है कि आपकी उम्र क्या है। तो तीस की उम्र में बीस का दिखने के लिए ड्रेसिंग कैसी होनी चाहिए? फैशन डिजाइनर निकेत कहते हैं, उम्र चाहे कोई भी हो अपने शरीर की संरचना के हिसाब से ही कपड़ों का चुनाव करना चाहिए। आप घुटने तक लंबी स्कर्ट, लंबी कुर्ती और स्लीव के साथ कॉरसेट को अपने वॉर्डरोब में शामिल कर सकती हैं। अपने कपड़ों के लिए सूती और खादी के फैब्रिक का चुनाव करें। इस उम्र में साड़ी भी एक अलग लुक देती है। आप क्रेप, कॉटन, सिल्क, खादी, वीवर जैसे फैब्रिक की साडियां पहन सकती हैं, जिससे आपका लुक यंग और मेच्योर नजर आएगा। रंगों में भी आपको डार्क रंगों को चुनाव करना चाहिए।

## मेकअप बोलेगा कितनी यंग हैं आप

मेकअप आर्टिस्ट नैना अरोड़ा बताती हैं कि तीस की उम्र में आपकी स्किन चमकदार और टाइट होती है। ऐसे में मेकअप के साथ प्रयोग किए जा सकते हैं। अपनी त्वचा की रंगत और त्वचा की प्रकृति को ध्यान में रखकर ही अपने लिए मेकअप का चुनाव करें। ट्रेंड को आंख मूंदकर अपनाने की जगह, ऐसा मेकअप करें जो आपके ऊपर अच्छा दिखे। मेकअप करने के लिए आप गहरे रंगों का इस्तेमाल कर सकती हैं।

## खानपान के समझें इशारे

बीएलके अस्पताल की चीफ डाइटिशियन सुनीता रॉय चौधरी का कहना है कि तीस की उम्र में बीस का दिखने के लिए एक्सरसाइज करें। हर दिन टहलें, साइकलिंग और जॉगिंग भी करें। ताजा और ज्यादा फाइबर वाला खाना आपको जवां रखने में मदद करेगा।

## युवा हो आपका व्यवहार

वरिष्ठ मनोचिकित्सक डॉक्टर नीलम कुमार बोहरा का मानना है कि तीस की उम्र में महिलाओं को तनाव का सामना सबसे ज्यादा करना होता है। घर, परिवार और ऑफिस की कई जिम्मेदारियां तनाव को और बढम देती हैं। यह तनाव चेहरे से झलकने लगता है। तनाव से दूर रहने और युवा दिखने के लिए छोटे- छोटे लक्ष्य बनाएं, सकारात्मक दोस्त बनाएं, ना कहना सीखें और नये रिश्तों को समझदारी और व्यवहारिकता के साथ संभालें।

## चालीस की उम्र रहिए प्यार में

**ड्रेसिंग को भी दें महत्व** - चालीस की उम्र, वह पड़ाव है जब आप उम्र के दोराहे पर खड़े होते हैं। ऐसे में युवा दिखने के लिए कपड़ों में फ्यूजन को अपनाएं। कफ्तान स्टाइल के ट्यूनिक, लॉन्ग जैकेट और वेस्ट कोट पहनें। रंगों के चुनाव में हल्के और गाढ़े के साथ पेस्टल रंगों का चुनाव करें।

**मेकअप बोलेगा, आपकी उम्र का राज नहीं खोलेगा** - 40 की उम्र में आपके चेहरे पर फाइन लाइंस और बढ़ती उम्र के निशान दिखने लगते हैं। इसलिए इस उम्र में मेकअप का चुनाव बहुत सोच-समझ कर करना चाहिए। अपने व्यक्तित्व, रंग और स्किन टोन को ध्यान में रखते हुए मेकअप करें।

**खाना यानी उम्र छिपाना** - 40 की उम्र में आमतौर पर महिलाओं का लाइफस्टाइल काफी बदल जाता है। महिलाओं का वजन भी बढ़ जाता है। इस उम्र में भी खुद को जवां रखने के लिए अपने लाइफ स्टाइल को सक्रिय बनाएं। तीन बड़े और तीन छोटे मील लें। ज्यादा से ज्यादा तरल पदार्थ युक्त डाइट जैसे जूस, लस्सी, दूध, दही, फल, सलाद आदि लें। चाय-कॉफी से दूर रहें।

**नये शौक बदलेंगे आपका व्यवहार** - सकरात्मक सोच रखें। यह सोच आपको युवा रखने में मदद करेगी। अगर आपके कुछ पुराने शौक हैं तो यह उम्र है उन्हें बढ़ाने और पूरा करने की। अगर शौक नहीं है तो आप नए शौक पैदा करें। नए दोस्त बनाएं, समारोह में हिस्सा लें और उम्र को खुद पर हावी न होने दें।



## 50 में खुद से करना सीखें प्यार

**अब भी अहम है ड्रेसिंग** - 50 की उम्र तक आते-आते आपकी उम्र कहीं ना कहीं झलकने लगती है। ऐसे में आपके कपड़े आपकी उम्र के राज को छुपाने में काफी मददगार साबित होते हैं। इस उम्र में ट्रेंडी, फैशनेबल और युवा दिखने के लिए लंबे एंकल लैंथ के ट्यूनिक पहनें। लंबे प्लाजो और टयूनिक के साथ स्कार्फ का विकल्प भी अच्छा है। इस उम्र में रंगों का चुनाव करते वक्त ध्यान रखें। हल्के रंग इस उम्र में भी आपको जवां दिखने में मदद कर सकते हैं।

**मेकअप, जरा सावाधानी से** - 50 की उम्र में मेकअप के लिए खासा सावधान रहने की जरूरत होती है। ज्यादा मेकअप आपके चेहरे की पतली रेखाओं में भर जाता है, जिससे चेहरे की झुर्रियां और स्पष्ट नजर आने लगती हैं। इसलिए इस उम्र में हल्का और लिक्विड मेकअप इस्तेमाल करें। मैट और हल्के रंगों का ही चुनाव करें। ज्यादा ग्लॉसी या गाढ़े रंगों से दूर रहें। आईलाइनर पेंसिल वाला इस्तेमाल करें और आंखों को खूबसूरत बनाने के लिए मस्कारा जरूर लगाएं।

**जरूरी है इस उम्र में सही डाइट** - 50 की उम्र तक आप हड्डियों और दिल की बीमारियों का शिकार होने लगती हैं। इस उम्र महिलाओं में फीमेल हार्मोन भी कम हो जाते हैं। ऐसे में उम्र की झलक दिखाई देने लगती है। लेकिन सही खान-पान और व्यायाम आपको इस उम्र में भी युवा दिखने में मदद करते हैं। ओट्स, व्हीट फ्लैक्स, स्प्राउट, ताजे फल जैसे पपीता, तरबूज उम्र बढ़ने की प्रक्रिया को धीमा कर देते हैं। हल्का और तरल आहार लें। समय-समय पर जरूरी मेडिकल टेस्ट करवाती रहें। साथ ही हल्का व्यायाम भी करें।

### खुद पर दें ध्यान

यह उम्र खुद से प्यार करने की है। यह ना सोचें कि आपने जो करना था सो कर लिया, और अब इस उम्र में क्या करना? वास्तव में यही वह उम्र है, जब आपको अपने बारे में सोचना चाहिए। अपनी निजी जिंदगी पर ध्यान दें, बच्चों को उनकी लाइफ एन्ज्वॉय करने दें और आप अपनी जिंदगी को अपने हिसाब से जिएं। नई चीजों के लिए पहल करें, हंसी-मजाक करें और घूमने-फिरने के लिए बाहर जाएं। बेशक उम्र का असर इंसान के शरीर पर होता ही है, लेकिन एक बात मान कर चलें कि उम्र सिर्फ एक मनःस्थिति है। लिहाजा उम्र को अपने मन- मस्तिष्क पर हावी न होने दें। उम्र को परास्त करने के लिए और हमेशा युवा दिखने का एकमात्र यही मंत्र है। खुश रहें और युवा दिखें।

# बढ़ता क्रेज नियॉन मेकअप का

अगर हम कपडों में भडकीले रंगों का प्रयोग कर सकते हैं तो मेकअप में क्यों नहीं! अगर सही तरीका मालूम हो तो प्रयोग करने में कोई गुरेज नहीं है। इस सीजन में नियॉन मेकअप में आई शैडोज और होंठों के लिए हॉट पिंक, पीच या नारंगी रंग का खुलकर इस्तेमाल कर सकती हैं।



आई शैडोज में लाइम ग्रीन, फिरोजा और कलर्ड लाइनर के साथ प्रयोग आसानी से किया जा सकता है। सही तरीका हमेशा त्वचा की रंगत को ध्यान में रखकर रंगों का चयन करें। गोरी रंगत पर कोई नियॉन शेड फबता है और इसका बखूबी प्रयोग किया जा सकता है। जबकि गेहुएं और सांवली रंगत पर वॉर्म टोन जैसे ऑरेंज-पीच ब्लश चलते हैं। गहरी रंगत पर चटख शेड के लिप कलर्स मसलन शॉकिंग पिंक बहुत अच्छे लगते हैं।

- कोई भी मेकअप करने से पहले त्वचा को नमी पहुंचाना जरूरी है। मॉयस्चराइजर लगाने के बाद प्राइमर लगाएं। इसके फाउंडेशन लगाने के बाद त्वचा चमकदार दिखती है।
- इसके बाद दाग-धब्बों को छिपाने के लिए कंसीलर लगाएं। त्वचा की रंगत से एक शेड गहरा फाउंडेशन का हलका टच दें।
- इस बात का ध्यान रखें कि अगर आंखों पर बोल्ड आई शैडो का इस्तेमाल कर रही हैं तो होंठों और गाल (चीक्स) के मेकअप के लिए मीडियम शेड चुनें।
- अगर आई शैडो भूरे या बेज रंग का है तो होंठों पर कोरल शेड की लिपस्टिक लगाएं।
- नियॉन मेकअप के साथ सफेद, काले, बेज और सलेटी रंग के परिधान जंचते हैं।
- इस मेकअप के साथ हेयरस्टाइल में ट्रेंडी ब्रेड, साइड ब्रेडिंग या साइड पोनीटेल बहुत अच्छी लगती है।

# ग्लैमरस और ब्यूटीफुल है ब्लैक

सही ड्रैस का चुनाव जितना महत्वपूर्ण है उतना ही खास है कलर सिलैक्शन। फैशन की दुनिया में कलर्स की भी बहुत ज्यादा अहमियत होती है। कलर की बात हो तो सबसे ज्यादा ग्लैमरस और ब्यूटीफुल है ब्लैक...परफैक्ट ड्रैस वह है जो दिखने में आकर्षक, पहनने में कम्फर्टेबल, स्टाइलिश और फैशन के अनुसार हो और साथ ही आप में कॉन्फीडैंस भी जगाती हो। आपकी ड्रैसिंग सैंस आपकी इमेज को भी जाहिर करती है।



हमें हमेशा यही कन्फ्यूजन बना रहता है कि कौन-सा कलर और ड्रेस पहनें कि हर तरफ बस हम ही छा जाएं और सभी सिर्फ हमारे ही ड्रैसिंग सैंस की तारीफ करें। सही ड्रैस का चुनाव जितना महत्वपूर्ण है उतना ही खास है कलर सिलैक्शन। फैशन की दुनिया में कलर्स की भी बहुत ज्यादा अहमियत होती है। कलर की बात हो तो सबसे ज्यादा ग्लैमरस और ब्यूटीफुल है ब्लैक...परफैक्ट ड्रैस वह है जो दिखने में आकर्षक, पहनने में कम्फर्टेबल, स्टाइलिश और फैशन के अनुसार हो और साथ ही आप में कॉन्फीडैंस भी जगाती हो। आपकी ड्रैसिंग सैंस आपकी इमेज को भी जाहिर करती है। आपके ड्रैसिंग स्टाइल से ही आपके टेस्ट और सोच के बारे में लोग अनुमान लगाते हैं। कोई भी शख्स आपके पहनावे से ही आपका पहला इम्प्रेशन लेता है। आप अगर लोगों को अपनी ड्रैसिंग सैंस का कायल बनाना चाहती हैं तो उन्हें इम्प्रेस करने के लिए सही ड्रैस और स्टाइल का चुनाव करना बेहद जरूरी है। चाहे कॉलेज गोइंग हों या वर्किंग वूमन, सभी स्मार्ट और प्रैजेंटेबल दिखना चाहती हैं। इसके लिए आपको महंगे ब्रांडेड कपड़ों के पीछे दौडने की जरूरत नहीं है, आप वही खरीदें, जो ट्रैंड में चल रहा हो और आप पर जंचे। कम खर्च में आप अच्छी लगें तो क्या कहना। फैशन और ट्रैंड का जिक्र आते ही जो पहला कलर जेहन में आता है वह है ब्लैक। सीजन कोई भी हो, फैशन के चाहवानों की चाहत ब्लैक के लिए कभी कम नहीं होती है। फैशनपरस्त लोगों की पहली पसंद इन दिनों ब्लैक कलर की ड्रैसेस बन चुकी है। ब्लैक कलर हॉट फैशन स्टेटमैंट बन चुका है। शादी, रिसैप्शन, डांस पार्टी, कॉकटेल पार्टी, बर्थडे पार्टी या फिर कोई फैमिली फंक्शन हो, सभी जगह ब्लैक का ही जादू छा रहा है। ब्लैक ऐसा कलर है जो फॉर्मल और कैजुअल दोनों मौकों पर पहना जा सकता है। ब्लैक की खासियत है कि ट्रैंड और स्टाइल भले ही चेंज हो जाएं पर ब्लैक कभी आऊटडेटेड नहीं होता। जिन लड़कियों का रंग गोरा है, वे तो ब्लैक में और भी कयादा खूबसूरत दिखती हैं। ब्लैक कलर पहनने से दुबले दिखाई देते हैं, क्योंकि डार्क कलर पर लाइट रिफ्लैक्शन होता है इसलिए भी ब्लैक कलर का क्रेज सभी ऐज ग्रुप्स में सबसे ज्यादा देखने को मिलता है।

## पार्टी वियर

आप को कभी भी अचानक किसी पार्टी में जाना पड़ सकता है इसलिए आप अपनी वॉर्डरोब में एक ब्लैक कलर का ड्रैस जरूर रखे। पार्टी वियर में तो ज्यादातर लोग ब्लैक कलर ही पसंद करते हैं। ब्लैक ग्लैमरस पार्टी कलर है इसलिए यह कलर किसी भी पार्टी में जाने के लिए फिट है। अगर आप नाइट लाइफ पर्सन हैं तो ब्लैक कलर आपके लिए बैस्ट है। यह आप पर सबसे ज्यादा सूट करेगा। वैसे तो ब्लैक ड्रैस में ही आप ग्लैमरस दिख सकती हैं लेकिन अगर आप ज्यादा हॉट एंड सैक्सी लुक चाहती हैं तो स्लैश और फॉल नैक को हाफ कट स्कर्ट के साथ पहन सकती हैं। ब्लैक में आप अगर इंडियन ड्रैस पहनना चाहती हैं तो वर्क वाली साड़ियों और डिजाइनर सूट्स एवं कुर्तियों की मार्कीट में खूब भरमार है। अगर आप स्लिम हैं तो ब्लैक शॉर्ट आऊटफिट पहन कर आप बन जाएगी सैक्सी बेब।

## प्रोफैशनल वियर

अगर आप प्रोफैशनल हैं तो भी ब्लैक आपके लिए उपयुक्त कलर है। ऑफिस वियर में आप ब्लैक ट्राऊजर और साथ में व्हाइट, रैड, ग्रीन, ब्ल्यू, लैमन, पिंक, मोव किसी भी एलीगैंट कलर की शर्ट्स पहन सकती हैं। जब मौका हो किसी स्पैशल प्रैजेंटेशन का या इम्पॉर्टैंट मीटिंग का, तब आप ब्लैक एग्जीक्यूटिव स्कर्ट और ब्लेजर पहनकर सबको अपने काम के साथ-साथ अपने स्टाइल से भी इम्प्रैस कर सकती हैं।

## एक्सैसरीज

एक्सैसरीज आपको सैंसेशनल लुक देती हैं। खूबसूरत और मौके के अनुसार पहनी हुई एक्सैसरी आपकी लुक में स्टाइल जोड़ती है और व्यक्तित्व को उभारती है। आप ब्लैक के साथ ब्लैक के विभिन्न शेड्स की एक्सैसरीज भी इस्तेमाल कर सकती हैं और कन्ट्रास्ट कलर्स की भी। यदि आप किसी फंक्शन में जा रही हैं और बैकलैस ड्रैस पहन रही हैं तो बैक पर टैटू बनवा सकती हैं। अगर आपकी ड्रैस का नैक डीप है तो गले में एक बड़ा स्टोन पैंडैंट पहन सकती हैं। इसे पतली चेन या ट्रांसपेरैंट थ्रैड में पहनें तो बढ़िया लगेगा। ब्लैक ड्रैस के साथ आप पर्ल या स्टोन की हल्की ज्यूलरी कैरी कर सकती हैं। ऑफिस के लिए ब्लैक पर्ल अच्छा ऑप्शन है, तो पार्टी में स्टोन ज्यूलरी ट्राई करें।

## हैंडबैग

पर्स रखना फैशन से ज्यादा जरूरत बन चुका है। ऑफिस के लिए ब्लैक लैदर हैंडबैग सही रहता है। खूबसूरत ब्लैक पर्स आपके लुक को और आकर्षक बना देगा। इसमें आप अपना जरूरी सामान भी कैरी कर सकती हैं और साथ ही ये देखने में गुड लुकिंग भी होते हैं। ईवनिंग फंक्शंस में क्लासी बैग न सिर्फ पॉलिश्ड लुक देगा बल्कि आपकी लुक को भी डायनामिज्म प्रदान करेगा।

## फुटवियर

ऑफिशियल आऊटफिट्स के साथ लैदर के ब्लैक शूज या ब्लैक बैलीज कंफर्टेबल रहती हैं और सुंदर भी दिखती हैं। साड़ी या सूट जैसी इंडियन ड्रैस के साथ खूबसूरत स्टोन या एम्ब्रॉयड्री वाले फुटवियर आपके लुक को और ग्लैमरस और एलिगैंट बना देंगे। वैस्टर्न शॉर्ट ड्रैसेज के साथ ब्लैक कलर के हाई हील्स या डिजाइनर सैंडल आपको हॉट लुक देंगे।



## विमान ईंधन की कीमत 2.75 फीसदी बढ़ी

**मुंबई (एजेंसी)।**

हवाई जहाज से सफर करना अब महंगा हो सकता है। दरअसल, अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल की कीमतों में बढ़ोतरी के बीच विमान ईंधन (एटीएफ) के दाम 2.75 फीसदी बढ़ाए गए हैं। सार्वजनिक क्षेत्र की पेट्रोलियम कंपनियों की मूल्य अधिसूचना के अनुसार राष्ट्रीय राजधानी में एटीएफ का दाम 2,039.63 रुपए प्रति किलोलीटर बढ़ाकर 76,062.04 रुपए प्रति किलोलीटर कर दिया गया है। इससे पहले दिसंबर में विमान ईंधन कीमतों में दो बार कटौती की गई थी। नवंबर के दूसरे पखवाड़े और दिसंबर मध्य में अंतरराष्ट्रीय स्तर पर तेल कीमतों में गिरावट की वजह से एटीएफ के दाम कम हुए थे। उसके बाद अंतरराष्ट्रीय स्तर पर कच्चे तेल के दाम चढ़े हैं। नवंबर मध्य में एटीएफ की कीमत 80,835.04 रुपए प्रति किलोलीटर के उच्च स्तर पर पहुंच गई थी। उसके बाद एक और 15 दिसंबर को एटीएफ कीमतों में कुल मिलाकर 6,812.25 रुपए प्रति किलोलीटर या 8.4 फीसदी की कटौती की गई थी। विमान ईंधन कीमतों में हर महीने की एक और 16 तारीख को संशोधन किया जाता है।

## दिसंबर में पीएमआई इंडेक्स घटकर 55.5 पर पहुंचा

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।**

दिसंबर महीने में मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी की रफ्तार पर आंशिक रुकावट आई है। पिछले साल 2021 के आखिरी महीने में मैन्युफैक्चरिंग सेक्टर के लिए पीएमआई इंडेक्स घटकर 55.5 पर पहुंच गया। नवंबर महीने में यह 57.6 था। अगर यह इंडेक्स 50 से ऊपर रहता है तो सकारात्मक माना जाता है, जबकि 50 से नीचे रहने पर इसे नकारात्मक माना जाता है। नए ऑर्डर और सेल्स में कमजोरी के कारण पीएमआई इंडेक्स में गिरावट आई है। कोरोना के ओमीक्रॉन वेरिएंट के बढ़ते मामलों के कारण एक बार फिर से सप्लाई चेन की समस्या बढ़ने की आशंका जताई जा रही है, महंगाई का दबाव जारी है। इन तमाम फैक्टर्स का मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी पर असर हुआ है। तिमाही आधार पर प्रदर्शन की बात करें तो दिसंबर तिमाही में मैन्युफैक्चरिंग इंडेक्स का औसत 56.3 रहा। यह वित्त वर्ष 2020-21 की मार्च तिमाही के बाद सबसे ज्यादा है। दिसंबर में पीएमआई इंडेक्स के आधार पर यह लगातार छठा महीना है जब मैन्युफैक्चरिंग एक्टिविटी में सुधार दिखा है।

## दिसंबर में तीन प्रतिशत घटी बजाज ऑटो की खुदरा बिक्री



**मुंबई ।** दोपहिया वाहन विनिर्माता कंपनी बजाज ऑटो की कुल खुदरा बिक्री दिसंबर 2021 में तीन प्रतिशत घटकर 3,62,470 इकाई की रह गई। कंपनी ने सोमवार को जारी बयान में कहा कि उसने इससे पिछले वर्ष इसी महीने में कुल 3,72,532 इकाई की बिक्री की थी। बजाज के अनुसार कंपनी की घरेलू बिक्री हालांकि दिसंबर 2021 में पांच प्रतिशत बढ़कर 1,45,979 इकाई पर पहुंच गई, जो दिसंबर 2020 में 1,39,606 इकाई थी। कंपनी के दोपहिया वाहनों की बिक्री समीक्षाहीन महीने में छह प्रतिशत घटकर 3,18,769 इकाई की रह गई। दिसंबर 2020 में यह 3,38,584 इकाई की थी। बयान के अनुसार दिसंबर 2020 में बेचे गए 33,948 वाहनों की तुलना में पिछले महीने के दौरान निर्यात समेत कुल वाणिज्यिक वाहनों की बिक्री 29 प्रतिशत बढ़कर 43,701 इकाई हो गई। इसके अलावा दिसंबर 2021 में कुल निर्यात भी सात प्रतिशत घटकर 2,16,491 इकाई रह गया, जो दिसंबर 2020 में 2,32,926 इकाई था।

# चीन का कर्ज चुकाते-चुकाते इस साल दिवालिया हो सकता है श्रीलंका!

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

श्रीलंका में वित्तीय और मानवीय संकट गहरा गया है। महंगाई उच्च स्तर पर पहुंच गई है, खाद्य पदार्थों की कीमत में बेतहाशा तेजी आई है और सरकारी खजाना तेजी से खाली हो रहा है। इससे आशंका जताई जा रही है कि श्रीलंका इस साल दिवालिया हो सकता है। सवाल यह है कि श्रीलंका की यह हालत कैसे हुई। इसके कई कारण हैं। कोरोना संकट के कारण देश का टूरिज्म सेक्टर बुरी तरह प्रभावित हुआ। साथ ही सरकारी खर्च में बढ़ोतरी और टैक्स में कटौती ने हालात को और बदतर बना दिया। ऊपर से चीन के कर्ज को चुकाते-चुकाते श्रीलंका की कमर टूट गई। देश में विदेशी मुद्रा भंडार एक दशक के न्यूनतम स्तर पर पहुंच गया। सरकार को घरेलू लोन और विदेशी बॉन्ड्स का भुगतान करने के लिए पैसा छापना पड़ रहा है। विश्व बैंक के अनुमानों के मुताबिक महामारी के शुरू होने के बाद से देश में 500,000 लोग गरीबी के मकड़जाल में फंस गए हैं। नवंबर में महंगाई 11.1 फीसदी के रेकॉर्ड स्तर पर पहुंच गई। इस कारण जो परिवार पहले संपन्न माने जाते थे, उनके लिए भी दो जून की रोटी जुटानी मुश्किल पड़ रही है। देश के अधिकांश परिवारों के लिए अपनी बुनियादी जरूरतों को पूरा करना ही भारी पड़ रहा है। देश में इकनॉमिक एमरजेंसी घोषित करने के साथ ही सेना को जरूरी चीजों की आपूर्ति सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी दी गई थी लेकिन इससे भी लोगों की परेशानी दूर नहीं हुई। श्रीलंका की कुल जीडीपी में पर्यटन का हिस्सा 10 फीसदी है लेकिन महामारी के कारण यह सेक्टर सबसे अधिक प्रभावित हुआ है।




## पश्चिम बंगाल में दिल्ली और मुंबई से आने वाली उड़ान संख्या घटेगी

**कोलकाता ।** पश्चिम बंगाल सरकार राज्य में नई दिल्ली और मुंबई से आने वाली उड़ानों की संख्या घटा कर हफ्ते में सिर्फ दो दिनों के लिए सीमित कर देगी। पश्चिम बंगाल सरकार ने यह कदम कोरोना महामारी के प्रसार को रोकने के लिए उठाया है। दिल्ली और मुंबई में हाल के हफ्तों में संक्रमण के मामलों में सर्वाधिक वृद्धि हुई है। ट्रैवल एजेंट का मानना है कि इससे हवाई किराए में तीव्र वृद्धि होने के अलावा कई यात्रियों की यात्रा की योजना जोखिम में पड़ जाएगी। उन्होंने कहा कि सरकार के इस फैसले से टिकट की कीमत में अचानक तीव्र वृद्धि होगी। पश्चिम बंगाल के मुख्य सचिव एच.के. द्विवेदी ने कहा है कि पांच जनवरी से इन दो शहरों से उड़ानों को सिर्फ सोमवार और शुक्रवार को आने की अनुमति दी जाएगी। यह व्यवस्था महामारी की स्थिति की समीक्षा के बाद एक फैसला लिए जाने तक प्रभावी रहेगी। दिल्ली की एक ट्रैवल फर्म ने कहा` कि दिल्ली-कलकत्ता मार्ग पर अभी एक ओर से औसत किराया करीब 6,000 रुपए है, यह बढ़कर 10,000 को पार कर जाएगा। सरकार को आगमन पर सभी घरेलू यात्रियों की जांच करानी चाहिए।

## रिलायंस और टीसीएस से कम होगा एलआईसी का मूल्यांकन!

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।**

देश की प्रमुख बीमा कंपनी एलआईसी के आईपीओ का निवेशकों को बेसब्री से इंतजार है। माना जा रहा था कि यह देश की सबसे मूल्यवान कंपनी होगी लेकिन सरकार इसका मूल्यांकन अनुमान से कहीं कम कीमत पर कर सकती है। इसका वैल्यूएशन लाखों करोड़ रुपएका होगा लेकिन यह सिंगल डिजिट में होगा। यानी इसका वैल्यूएशन 10 लाख करोड़ रुपए से कम होगा। अगर ऐसा हुआ तो यह देश के सबसे अमीर मुकेश अंबानी की कंपनी रिलायंस और टीसीएस के बाद देश की तीसरी सबसे मूल्यवान कंपनी होगी। अभी रिलायंस इंडस्ट्रीज का बाजा मूल्यांकन 16 लाख करोड़ और टीसीएस का 13.8 लाख करोड़ रुपए है। हालांकि कंजरवेटिव वैल्यूएशन के बाद भी एलआईसी का आईपीओ देश का अब तक का सबसे बड़ा इश्यू होगा। पॉलिसीहोल्डर्स को आईपीओ में हिस्सा लेने के लिए प्रोत्साहित करने के लिए एलआईसी उन्हें डिस्काउंट पर शेयर जारी करेगी। कंपनी चाहती है कि पॉलिसीहोल्डर्स इसमें हिस्सा लें क्योंकि भविष्य में सरप्लस के डिस्ट्रिब्यूशन में बदलाव होगा।




# 2022 के पहले कारोबारी दिन शेयर बाजार भारी उछाल के साथ बंद

### सेंसेक्स 929 , निफ्टी 271 अंक ऊपर आया

**मुंबई (एजेंसी)।**

मुम्बई शेयर बाजार में साल 2022 के पहले कारोबारी दिन सोमवार को भारी तेजी रही। बाजार में यह तेजी दुनिया भर से मिले अच्छे संकेतों के साथ ही बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में उछाल के साथ आयी है। दिन भर के कारोबार के बाद तीस शेयरों पर आधारित बीएसई सेंसेक्स 900 अंक से अधिक उछलकर 59,000 अंक के ऊपर पहुंचने के बाद अंत में यह 929.40 अंक करीब 1.60 फीसदी बढ़कर 59,183.22 अंक पर बंद हुआ। वहीं इसी प्रकार पचास शेयर वालानेशनल स्टॉक एक्सचेंज का निफ्टी भी 271.65 अंक तकरीबन 1.57 फीसदी की बढ़त के साथ ही 17,625.70 अंक पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान बजाज फाइनेंस, बजाज फिनसर्व, आईसीआईसीआई बैंक, एक्सिस बैंक, टाटा स्टील, इंडसइंड बैंक और एचडीएफसी बैंक के शेयरों में 3.50 फीसदी तक की तेजी रही। वहीं दूसरी ओर डॉ. रेड्डीज, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टेक महिंद्रा और नेस्ले के शेयर गिरे हैं। इससे पहले वर्ष 2021 के अंतिम दिन शुक्रवार को भी बाजार बढ़त के साथ ही बंद हुआ था। इससे पहले आज सुबह बाजार की अच्छी शुरुआत रही थी। आईटी और ऊर्जा क्षेत्र की कंपनियों के शेयरों में लिवाली (खरीददारी) के चलते सेंसेक्सशुरुआती कारोबार में ऊपर आया। वहीं इसी तरह का हाल निफ़्टी में भी रहा। सेंसेक्स में टीसीएस, मारुति, एचसीएल टेक, एलएंडटी, टेक महिंद्रा और विप्रो के शेयर वृद्धि में रहे। बीएसई के ऑटो, आईटी और फार्मा क्षेत्र की कुछ कंपनियां अच्छी बढ़त के साथ कारोबार कर रही थीं। वहीं दूसरी तरफ शुरूआती कारोबार के दौरान इंडसइंड बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, डॉ रेड्डीज और एचयूएल के शेयर नुकसान में चल रहे थे।




# बीते साल रियल एस्टेट में संस्थागत निवेश 17 प्रतिशत घटकर चार अरब डॉलर पर: कोलियर्स



**नई दिल्ली (एजेंसी):**

एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश का प्रवाह बीते साल यानी 2021 में इससे पिछले साल की तुलना में 17 प्रतिशत घटकर चार अरब डॉलर पर आ गया। कार्यालय स्थल क्षेत्र में निवेश घटने कुल आंकड़ा नीचे आया है। संपत्ति सलाहकार कंपनी कोलियर्स इंडिया ने सोमवार को अपनी रिपोर्ट में कहा कि रियल एस्टेट क्षेत्र में संस्थागत निवेश वर्ष 2021 में गिरकर 403.3 करोड़ डॉलर रहा, जबकि वर्ष 2020 में यह 483.3 करोड़ डॉलर रहा था। रिपोर्ट के मुताबिक, संस्थागत निवेश में आई गिरावट की एक वजह यह रही कि वर्ष 2020 में कुछ बड़े लेनदेन को इस दौरान अंजाम दिया गया। आंकड़ों के मुताबिक, कार्यालय संपत्तियों में संस्थागत निवेश कैलेंडर वर्ष 2021 में 124.8 करोड़ डॉलर रहा जो वर्ष 2020 में 219.9 करोड़ डॉलर रहा था। इसी तरह मिश्रित उपयोग वाली विकास परियोजनाओं में निवेश 161.6 करोड़ डॉलर से गिरकर 18.2 करोड़ डॉलर पर आ गई। खुदरा परिसंपत्तियों में भी निवेश मामूली गिरावट के साथ 7.7 करोड़ डॉलर रहा जबकि 2020 में यह 7.9 करोड़ डॉलर था। इसकी तुलना में औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक क्षेत्र को वर्ष 2021 में 113 करोड़ डॉलर का संस्थागत निवेश मिला जो इसके पहले के 19.5 करोड़ डॉलर की तुलना में बहुत अधिक है। यह पिछले पांच साल का सबसे बड़ा निवेश है। आवासीय क्षेत्र में संस्थागत निवेश 38.6 करोड़ डॉलर से बढ़कर 91.9 करोड़ डॉलर पर पहुंच गया जबकि वैकल्पिक परिसंपत्तियों में निवेश प्रवाह 35.9 करोड़ डॉलर से बढ़कर 45.3 करोड़ डॉलर हो गया। कोलियर्स इंडिया ने कहा कि औद्योगिक एवं लॉजिस्टिक क्षेत्रों के प्रति निवेशकों का आकर्षण दिख रहा है। इसकी वजह ई-कॉमर्स एवं तीसरा पक्ष लॉजिस्टिक से मांग में वृद्धि है।

## फरवरी में दो दिवसीय हड़ताल में बैंककर्मी भी होंगे शामिल

**हैदराबाद (एजेंसी):**

केन्द्र सरकार की कथित श्रमिक और जन विरोधी तथा उद्यमी समर्थित नीतियों के विरोध में सेंट्रल ट्रेड यूनियन्स (सीटू) और अन्य संगठनों के आह्वान 23 और 24 फरवरी को आयोजित हो रही दो दिवसीय राष्ट्र व्यापी हड़ताल में बैंक कर्मी भी शामिल होंगे। अखिल भारतीय बैंक कर्मचारी संघ (एआईबीईए) की केन्द्रीय कमेटी ने इस हड़ताल में शामिल होने का निर्णय लिया है। संगठन के महासचिव सीएच वेंकटचलम ने सभी संबंध बैंक संघों और सदस्यों को कल रात एक परिपत्र जारी कर यह जानकारी दी और इस ऐहितासहिक हड़ताल में शामिल होने के लिए तैयार रहने का कहा। उन्होंने कहा कि यूनाइटेड फोरम ऑफ बैंक यूनियन्स ने दो सरकारी बैंकों के निजीकरण के विरोध में पिछले वर्ष 15 और 16 मार्च को हड़हाल का आह्वान किया था। 16 और 17 दिसंबर 2021 को बैंकिंग कानून (संशोधन) विधेयक 2021 के विरोध में हड़ताल की गई थी। उन्होंने कहा कि यह सिफ ‍लोगों के जीवन और जीवनयापन को बचाने की लड़ाई नहीं है बल्कि यह अर्थव्यवस्था को बचाने का भी संघर्ष है।

# भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर दुनिया में सबसे ऊंची रहेगी: आशिमा गोयल

**नई दिल्ली (एजेंसी) ।**

भारतीय रिजर्व बैंक की मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की सदस्य आशिमा गोयल ने कहा कि भारतीय अर्थव्यवस्था धीरे-धीरे सामान्यीकरण की ओर बढ़ रही है लेकिन कमजोर क्षेत्रों के लिए प्रोत्साहन और समर्थन जारी रहेगा। उनका मानना है कि भारत की अर्थव्यवस्था की वृद्धि दर दुनिया में सबसे ऊंची रहेगी। आगामी बजट में सरकार द्वारा मजबूती के पथ पर कायम रहने की घोषणा से नियंत्रण और अनुकूलता को लेकर एक अच्छा संकेत मिलेगा। भारत बेहतर वृहद आर्थिक मानदंडों के आधार पर काफी मुश्किल समय से बाहर निकल आया है। भारत की वृद्धि दर दुनिया में सबसे ऊंची रहने की उम्मीद है। इसके अलावा महंगाई दर भी संतोषजनक स्तर पर रहेगी। मौद्रिक-राजकोषीय समन्वय ने अच्छा काम किया है और प्रोत्साहन पर्याप्त हैं लेकिन इन्हें अत्यधिक नहीं कहा जा सकता। हम सामान्यीकरण की दिशा में धीरे-धीरे कदम बढ़ा रहे हैं। हालांकि कमजोर प्रदर्शन वाले क्षेत्रों के लिए कुछ प्रोत्साहन और समर्थन जारी हैं। देश के वित्तीय क्षेत्र की सेहत दुरुस्त है। रिजर्व बैंक ने चालू वित्त वर्ष के लिए अपने वृद्धि दर के अनुमान को घटाकर 9.5 प्रतिशत कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) ने 2021 में 9.5 प्रतिशत और अगले वर्ष 8.5 प्रतिशत की वृद्धि दर का अनुमान लगाया है। अर्थव्यवस्था के लिए कोविड-19 के नए स्वरूप के खतरे पर गोयल ने कहा कि उत्पादकता बढ़ाने के उपायों और उचित नीतिगत समर्थन के साथ पुनरुद्धार टिकाऊ होना चाहिए। अब देश महामारी की एक और लहर का सामना करने के लिए बेहतर तरीके से तैयार है। दूसरी लहर में अर्थव्यवस्था में व्यवधान कम था क्योंकि स्थानीय स्तर पर लॉकडाउन के साथ आपूर्ति श्रृंखला में बाधाएं सीमित रही थीं। विश्व स्वास्थ्य संगठन (डब्ल्यूएचओ) को कोविड-19 के अधिक संक्रामक नए स्वरूप ओमीक्रॉन के पहले मामले की जानकारी दक्षिण अफ्रीका से 24 नवंबर को मिली थी।

उन्होंने कहा कि घोषित सुदृढ़ीकरण के पथ पर टिके रहना नियंत्रण और पूर्वानुमान के लिए अच्छा रहेगा। अधिक पारदर्शिता जैसे सुधारों को जारी रखा जाना चाहिए। इससे बजट आंकड़ों की विश्वसनीयता और सटीकता में सुधार होता है।

# ओयो के मौजूदा, पूर्व कर्मचारियों ने कंपनी के तीन करोड़ से अधिक शेयर खरीदे

**नई दिल्ली (एजेंसी):**

आरंभिक सार्वजनिक निर्गम (आईपीओ) लाने की तैयारी में जुटी ओयो के 500 से अधिक कर्मचारियों और पूर्व कर्मियों ने शेयर विकल्प योजना का उपयोग करते हुए कंपनी के तीन करोड़ से अधिक शेयरों की खरीद की है। होटल श्रृंखला चलाने वाले वैश्विक मंच ओयो ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि कंपनी के शेयर कर्मचारी शेयर विकल्प योजना (ई-एसओपी) के तहत मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों ने खरीदे हैं। कोविड महामारी के दौरान वेतन कटौती और कर्मचारियों को अस्थायी तौर पर अवकाश पर भेजने के दौरान ओयो ने कम मूल्य पर ई-एसओपी की पेशकश की थी। कंपनी ने पिछले साल प्रौद्योगिकी कंपनी माइक्रोसॉफ्ट से 50 लाख डॉलर जुटाए थे। इस दौरान ओयो का मूल्यांकन 9.6 अरब डॉलर आंका गया था। ओयो को परिचालन करने वाली ओरैवेल स्टेज लि. के मौजूदा और पूर्व कर्मचारियों ने लगभग 330 करोड़ रुपए मूल्य के शेयर खरीदे हैं। इस बारे में संपर्क किए जाने पर ओयो के प्रवक्ता ने कुछ भी कहने से मना कर दिया।




# टाटा ने कार बिक्री में विदेशी कार कंपनी हुंडई को पछाड़ा




**मुंबई (एजेंसी)।**


भारत की प्रमुख वाहन निर्माता कंपनी टाटा मोटर्स के लिए साल 2021 बेहतरीन रहा है। टाटा मोटर्स ने कार बिक्री में विदेशी कार निर्माता कंपनी हुंडई को पीछे छोड़ दिया है। बीते कुछ महीनों में हुंडई की कार सेल्स में काफी गिरावट देखने को मिल रही है। वहीं टाटा की अलग-अलग कारों की लोकप्रियता हुंडई को पीछे छोड़ने में भारतीय कंपनी के लिए मददगार बनी। इस मामले में मारूति सुजुकी अब भी पहले नंबर पर बनी हुई है। टाटा मोटर्स ने बताया कि उसने बीते साल दिसंबर 2021 महीने में कुल यात्री वाहनों की बिक्री में 50 फीसदी की बढ़ोतरी दर्ज की है। कंपनी इस महीने कुल 35,299 यूनिट बेची थीं। वहीं दिसंबर 2020 महीने में कंपनी ने कुल 23,545 यूनिट्स बेची थीं। कंपनी ने बताया कि उसकी कुल यात्री वाहनों की बिक्री 99,002 इकाई रही, जबकि पिछले वर्ष की समान अवधि में 68,806 इकाइयों की बिक्री हुई थी, जो लगभग 44 प्रतिशत ज्यादा है। वहीं दिसंबर 2021 में हुंडई की सेल की बात करें तो कंपनी इस अवधी में ने कुल 32,312 कारें बेचीं, जो कि अलग-अलग सेगमेंट की थीं। हुंडई की दिसंबर 2021 कार सेल्स में सालाना करीब 32 फीसदी की गिरावट देखी गई थी। वहीं मंथली सेल में भी करीब 13 फीसदी की गिरावट देखी गई। टाटा मोटर्स दिसंबर कार सेल्स रिपोर्ट देखें तो कंपनी ने कुल 35,299 कारें बेचीं, जो कि करीब 50 फीसदी की सालाना ग्रोथ के साथ है।

# एसयूवी बाजार में हिस्सेदारी के लिए वाहन कंपनियों के बीच कड़ा मुकाबला

**नई दिल्ली (एजेंसी)।**

देश के एसयूवी बाजार की हिस्सेदारी के लिए कड़े मुकाबले की तैयारी हो रही है। कोरियाई कार विनिर्माता हुंडई वर्ष 2021 में इस खंड में सबसे ऊपर रही है। मारुति सुजूकी को उसकी प्रतिस्पर्धियों ने पछाड़ दिया है। ऐसे में मारुति सुजूकी ने देश के सबसे तेजी से बढ़ते यात्री वाहन खंड में अपने पैर जमाने के लिए आक्रामक योजना बनाई है। इस मुकाबले में नए सिरे से उभरी और पर्याप्त धनी टाटा मोटर्स भी आ चुकी है। यह भी इस खंड में कड़ी चुनौती पेश कर रही है, जिसने अपनी स्थापना के बाद 2021 में सबसे अधिक सालाना बिक्री दर्ज की है। एसयूवी खंड में वृद्धि बहुत शानदार है। वर्ष 2016 में भारत में यात्री वाहन बिक्री में हैचबैक की हिस्सेदारी 51 फीसदी जबकि एसयूवी की 16 फीसदी थी। अगर इन आंकड़ों की 2021 से तुलना करते हैं तो पाते हैं कि एसयूवी की हिस्सेदारी बढ़कर 38 फीसदी हो गई है। एसयूवी की हिस्सेदारी वर्ष 2020 में 29 फीसदी थी। अब यह हैचबैक के लगभग बराबर हो गई है। अब हैचबैक की हिस्सेदारी 40 फीसदी है। हुंडई की भारतीय इकाई इसके वैश्विक मुख्यालय के लिए सबसे अच्छा प्रदर्शन करने वाली इकाइयों में से एक बन गई है, जो एसयूवी खंड की अगुआई कर रही है। कंपनी की बिक्री में आधा हिस्सा एसयूवी का है। इसने वर्ष 2022 में अपनी प्रीमियम एसयूवी टुसॉन का नया वर्जन और एक इलेक्ट्रिक एसयूवी पेश करने की योजना बनाई है। अभी कंपनी के पोर्टफोलियो में वेन्यू, क्रेटा, एल्कजार, टुसॉन और कोना ईवी शामिल हैं। हुंडई वर्ष 2020 के बाद 2021 में भी सबसे बड़ी एसयूवी विनिर्माता रही है।

इस साल एसयूवी खंड में हुंडई की क्रेटा की सबसे अधिक बिक्री 1,25,437 कार रही है। किया ने कहा कि वह केवल एसयूवी खंड पर ध्यान देगी और सिडैन और हैचबैक खंड में उतरने पर विचार नहीं करेगी ।टाटा मोटर्स भी इस खंड में अपना किला मजबूत कर रही है। कंपनी के पोर्टफोलियो में एसयूवी का हिस्सा बढ़कर 2021 में 52 फीसदी हो गया, जो वर्ष 2020 में 37 फीसदी था। कंपनी ने अक्टूबर में नेक्सॉन और पंच उतारकर मजबूत स्थिति हासिल कर ली है। कंपनी ने इन दोनों मॉडलों की कुल 18,549 यूनिटों की बिक्री की। एसयूवी खंड में प्रतिस्पर्धा के कारण मारुति सुजूकी को अपनी बाजार हिस्सेदारी 43 से आगे बढ़ाने में जूझना पड़ रहा है।




## इंग्लैंड 5-0 से हार के लिए तैयार रहे : लियोन



**सिडनी ।** ऑस्ट्रेलियाई स्पिनर नाथन लियोन ने पांच जनवरी से एससीजी में होने वाले चौथे क्रिकेट टेस्ट मैच से पहले इंग्लैंड को आगाह किया है कि वह बाकि बचे हुए दो मैचों में भी हार के लिए तैयार रहे। लियोन ने कहा है कि उनकी टीम इस सीरीज में 5-0 से जीतेगी। लियोन ने कहा कि हम बचे हुए दोनो मैच जीतने के लिए उतरेंगे। साल 2017-18 में भी हमने 4-0 से जीत दर्ज की थी जिसे हम इस बार 5-0 करने के लिए तैयार हैं। उन्होंने कहा कि मैं यह सोचकर कभी टेस्ट श्रृंखला में नहीं गया कि हम एक टेस्ट मैच हारेंगे या श्रृंखला हारेंगे। हम हर टेस्ट मैच जीतने के लिए मैदान में जाते है, इससे कोई असर नहीं पड़ता कि हम किसके खिलाफ खेल रहे है। हमारा पूरा ध्यान अब अपनी बढ़त को 4-0 करने पर है। इसके बाद हम अंतिम मैच के लिए होबार्ट पर अपना ध्यान केंद्रित करेंगे, जो एक बड़ी चुनौती होगी।

# द. अफ्रीका ने भारत के खिलाफ एकदिवसीय सीरीज के लिए तेज गेंदबाज जानसेन को शामिल किया



**जोहानिसबर्ग (एजेंसी)।**

दक्षिण अफ्रीका ने 19 जनवरी से भारतीय टीम के खिलाफ शुरु हो रही तीन मैचों की एकदिवसीय सीरीज के लिए अपनी 17 सदस्यीय टीम में युवा तेज गेंदबाज मार्को जानसेन को भी शामिल किया है। जानसेन ने अपने पहले टेस्ट में पांच विकेट लिए थे। दक्षिण अफ्रीकी टीम की कप्तानी टेम्बा बावुमा संभालेंगे जबकि केशव महाराज उपकप्तान रहेंगे। वहीं अनुभवी तेज गेंदबाज एनरिच नॉर्त्जे चोटिल होने के कारण एकदिवसीय श्रृंखला से भी बाहर हो गये हैं। टीम में हाल में टेस्ट क्रिकेट से संन्यास लेने वाले अनुभवी विकेटकीपर बल्लेबाज क्विंटन डिकॉक को भी रखा गया है। डीकॉक ने भारत के खिलाफ पहले टेस्ट के बाद टेस्ट क्रिकेट से संन्यास ले लिया था। वहीं दक्षिण अफ्रीका की चयन समिति के समन्वयक विक्टर एम ने कहा कि मैं उनके प्रदर्शन को लेकर काफी उत्साहित हूंहैं। उन्होंने कहा कि हमारे कई खिलाड़ियों के लिए भारत जैसी मजबूत टीम के खिलाफ खेलने से अच्छा कुछ नहीं है। यह उनके लिए सबसे बड़ी श्रृंखला होगी। सीरीज का कार्यक्रम इस प्रकार है। एकदिवसीय सीरीज का पहला मैच 19 जनवरी को पार्ल में खेला जाएगा।

**दक्षिण अफ्रीका टीम ।**

टेम्बा बावुमा (कप्तान), केशव महाराज, क्विंटोन डिकॉक, जुबैर हमजा, मार्को जानसेन, जान्नेमन मालान, सिसांडा एमगाला, एडेन मार्कराम, डेविड मिलर, लुंगी एंगिडि, वेन परनेल, एंडिले फेलुक्वायो, ड्वेन प्रिटोरियस, कैगिसो रबाडा, तबरेज शम्सी, रासी वान डेर डुसेन, काइल वेरेन्ने ।

# गेटाफे ने रोका रीयाल मैड्रिड का अजेय अभियान, बार्सिलोना जीता

**बार्सिलोना (एजेंसी) ।**



रीयाल मैड्रिड का पिछले तीन महीनों और सभी प्रतियोगिताओं में 15 मैचों से चला आ रहा अजेय अभियान रविवार को स्पेनिश फुटबॉल लीग ला लिगा में गेटाफे के हाथों 1-0 की हार के साथ ही थम गया। लीग में शीर्ष पर चल रहे रीयाल मैड्रिड की टीम दो सप्ताह के अवकाश के बाद अपेक्षित प्रदर्शन नहीं कर पायी। गेटाफे के स्ट्राइकर इनेस उनाल ने नौवें मिनट में डिफेंडर एडेर मिलिताओ से गेंद छीनी और थिबौट कोर्टिस को छकाकर गोल दागा। उसने इसके बाद आखिर तक अपनी इस बढ़त को कायम रखा। इस हार के बावजूद रीयाल मैड्रिड ने दूसरे स्थान पर काबिज सेविला पर आठ अंक की बढ़त बना रखी है। रीयाल मैड्रिड ने इससे पहले अपना आखिरी मैच तीन अक्टूबर को गंवाया था। इसके बाद उसने सभी प्रतियोगिताओं में 13 मैच जीते और दो मैच ड्रा करवाये थे। इस बीच बार्सिलोना ने 10 खिलाड़ियों के कोरोना वायरस से संक्रमित होने के बावजूद मालोर्का को 1-0 से हराया। अब तक बमुश्किल आजमाये गये लुक डि जोंग ने कुछ शीर्ष खिलाड़ियों की अनुपस्थिति का फायदा उठाया। इस स्ट्राइकर ने 44वें मिनट में बार्सिलोना की तरफ से गोल दागा जो आखिर में निर्णायक साबित हुआ। मौजूदा चैंपियन एटलेटिको मैड्रिड ने एक अन्य मैच में एंजेल कोरिया के दो गोल की मदद से रायो वालेकानो को 2-0 से पराजित किया। सेल्टा विगो भी इगोस ऐस्पास के दो गोल से रीयाल बेटिस को 2-0 से हराने में सफल रहा। अन्य मैचों में एल्ची ने ग्रेनाडा के खिलाफ गोलरहित ड्रा और रीयाल सोसिडाड ने एल्विस के खिलाफ 1-1 से ड्रा खेलकर अंक बांटे।

## चेल्सी और लिवरपूल का मैच ड्रा, मैनचेस्टर सिटी ने मनाया जश्न

**लंदन (एजेंसी)।**



चेल्सी ने शुरू में दो गोल से पिछडने के बाद शानदार वापसी करके लिवरपूल को प्रीमियर लीग (ईपीएल) फुटबॉल प्रतियोगिता के रोमांचक मैच में 2-2 से ड्रा पर रोका जिसका सीधा फायदा मैनचेस्टर सिटी को मिला। इस मैच के परिणाम के बाद शीर्ष पर काबिज सिटी की दूसरे नंबर के चेल्सी पर बढ़त 10 अंक की हो गई है। सिटी के 21 मैचों में 53 जबकि चेल्सी के इतने ही मैचों में 43 अंक हैं। लिवरपूल 20 मैचों में 42 अंक लेकर तीसरे स्थान पर है। लिवरपूल ने साडियो माने (नौवें मिनट) और मोहम्मद सलाह (26वें मिनट) के गोल से पहले आधे घंटे में ही 2-0 से बढ़त हासिल कर ली थी। चेल्सी की तरफ से मैटियो कावोसिच ने 42वें मिनट में पहला गोल दागा जबकि क्रिस्टियन पुलिसिच ने इंजुरी टाइम में गोल करके मध्यांतर से पहले ही अपनी टीम को बराबरी दिला दी थी। अन्य मैचों में ब्राइटन ने एलेक्सिस मैक एलिस्टर के दो गोल की मदद से एवर्टन को 3-2 से, ब्रेंटफोर्ड ने एस्टन विला को 2-1 से और लीड्स ने बर्नले को 3-1 से पराजित किया।

# हॉकी में ओलंपिक पदक नहीं जीत पाने के लिये पिछली सरकारें दोषी : पीएम मोदी

**मेरठ (एजेंसी)।**



प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने ओलंपिक में हॉकी में लंबे समय तक पदक नहीं जीत पाने के लिये पिछली सरकारों को दोषी ठहराते हुए कहा कि देश को खेलों के प्रति उदासीन रवैये के कारण दशकों तक इसके लिए इंतजार करना पड़ा। भारतीय पुरुष हॉकी टीम ने 41 साल बाद पिछले साल तोक्यो ओलंपिक में कांस्य पदक जीता। इससे पहले भारत ने 1980 के मॉस्को ओलंपिक में स्वर्ण पदक जीता था। मेजर ध्यानचंद खेल विश्वविद्यालय के शिलान्यास के बाद एक जनसभा में मोदी ने कहा कि पिछली सरकारों ने युवाओं की क्षमता को महत्व नहीं दिया। यह सरकार की जिम्मेदारी थी कि खेलों के प्रति समाज का नजरिया बदले लेकिन इसका उलटा हुआ और खेलों के प्रति रवैया उदासीन हो गया। उन्होंने कहा कि इसका नतीजा यह हुआ कि हॉकी में हमें पदक के लिए दशकों तक इंतजार करना पड़ा जबकि गुलामी के दौर में मेजर ध्यानचंद जैसे प्तिभाशाली खिलाड़ियों ने देश का परचम लहराया था। विश्व हॉकी आम मैदानों की बजाय एस्ट्रो टर्फ पर होने लगी है। हम जब तक जागे, बहुत देर हो चुकी थी। अभ्यास से लेकर टीम चयन तक, हर स्तर पर भाई भतीजावाद, जातिवाद और भ्रष्टाचार था। पक्षपात था और पारदर्शिता जरा भी नहीं थी।

हर खेल की यही कहानी थी। पिछली सरकारें नयी तकनीकों, बदलती मांगी और निखरते हुनर के लिये उत्कृष्ट ढांचा नहीं बना सकी।

## संक्षिप्त समाचार



### स्पेन, पोलैंड की एटीपी कप में लगातार दूसरी जीत

**सिडनी ।** स्पेन और पोलैंड ने एटीपी कप टेनिस प्रतियोगिता में अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए सोमवार को यहां 3-0 के समान अंतर से जीत दर्ज की जो उनकी लगातार दूसरी जीत है। राबर्टो बातिस्ता आगुट ने कैस्पर रूड को 6-4, 7-6 (4) से हराकर स्पेन को नार्वे पर 2-0 से अजेय बढ़त दिलाई। इससे पहले पाब्लो कारेनो बुस्टा ने विक्टर डुरासोविच को 6-3, 6-3 से हराया था। इस टीम प्रतियोगिता में आगुट का एकल में रिकार्ड अब 9-2 हो गया है। उधर, कामिल मैजक्रैक ने अलेक्सांद्र बख्शी को 6-1, 6-1 से हराकर पोलैंड को जार्जिया पर शुरुआती बढ़त दिलायी। ह्यूबर्ट हरकाज ने दूसरे एकल में अलेक्सांद्र मेट्रेवेली को 6-7 (5), 6-3, 6-1 से पराजित करके युगल मुकाबले से पहले ही अपनी टीम की जीत सुनिश्चित की। स्पेन और पोलैंड ने इसके बाद अपने युगल मुकाबले जीतकर 3-0 से क्लीन स्वीप किया। पोलैंड यदि बुधवार को अपने ग्रुप के अगले मैच में अर्जेंटीना को हरा देता है तो वह सेमीफाइनल में जगह बना सकता है। इस टीम टूर्नामेंट में 16 टीम भाग ले रही हैं जिन्हें 4-4 टीम को चार ग्रुप में बांटा गया है। प्रत्येक ग्रुप से शीर्ष पर रहने वाली टीम सेमीफाइनल में पहुंचेगी। सेमीफाइनल शुक्रवार और शनिवार को खेले जाएंगे। फाइनल रविवार को होगा।

### बिग बैश लीग में फैले संक्रमण के बाद ईसीबी ने वापस बुलाये अपने खिलाड़ी




**सिडनी।** ऑस्ट्रेलियाई बिग बैश लीग (बीबीएल) में कोरोना संक्रमण को देखते हुए इंग्लैंड एंड वेल्स क्रिकेट बोर्ड ईसीबी (ईसीबी) ने इसमें खेल रहे अपने खिलाड़ियों को वापस बुला लिया है। बीबीएल में 16 खिलाड़ी संक्रमित पाए गए हैं। बीबीएल में इंग्लैंड के सैम बिलिंग्स (सिडनी थंडर) की ओर से खेल रहे हैं वहीं जॉर्ज गार्टन (एडिलेड स्ट्राइकर्स) व टाइमल मिल्स (पर्थ स्कॉर्चर्स) में शामिल हैं। रीस टॉपले (मेलबर्न रेनेगेड्स) और शाकिब महमूद (सिडनी थंडर) और जेम्स विंस (सिडनी सिक्सर्स) की टीम में हैं। ईसीबी ने इन सभी खिलाड़ियों को वेस्टइंडीज दौरे के लिए शामिल किया है। इंग्लैंड के खिलाड़ियों के वापसी जाने से बीबीएल की मुश्कले बढ़ गयी हैं। पहले फ्रेंचाइजियों को लगा था कि इंग्लैंड के खिलाड़ी तकरीबन 7 से 10 दिन रूकेंगे पर ऐन मौके पर टीम के अहम खिलाड़ियों के जाने से फ्रेंचाइजियों को उनके विकल्प ढूढने में परेशानी आई है। वहीं इंग्लैंड के वो खिलाड़ी अभी भी लीग का हिस्सा बने रहेंगे जिन्हें वेस्टइंडीज के खिलाफ सीरीज के लिए शामिल नहीं किया गया है। इसमें टॉम एबेल और बेन डकेट (ब्रिसबेन हीट), हैरी ब्रूक और जॉर्डन थॉम्पसन( होबार्ट हरीकैन्स), जो क्लार्क (मेलबर्न स्टार्स), लॉरी इवांस (पर्थ स्कॉर्चर्स) और एलेक्स हेल्स (सिडनी थंडर) जैसे खिलाड़ी शामिल हैं।

# दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट से इस कारण बाहर हुए श्रेयस अय्यर



**जोहान्सबर्ग (एजेंसी)।**

दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में जहां विराट कोहली ठ के ऊपरी हिस्से में ऐंठन के कारण बाहर हो गए। वहीं श्रेयस अय्यर भी स्वास्थ्य कारणों की वजह से टीम का हिस्सा नहीं बने। जहां कोहली की जगह केएल राहुल को स्टैंड-बाय कप्तान बनाया गया वहीं अय्यर की जगह तेज गेंदबाज जसप्रीत बुमराह को उप-कप्तान बनाया गया। अखिल भारतीय वरिष्ठ चयन समिति ने यह भी घोषणा की कि बल्लेबाज श्रेयस अय्यर को भी पेट में कीड़े के कारण दूसरे टेस्ट से बाहर कर दिया गया है। बीसीसीआई की आधिकारिक विज्ञप्ति में कहा, टीम इंडिया के कप्तान विराट कोहली के आज सुबह पीठ के ऊपरी हिस्से में ऐंठन थी। वह द वांडरर्स में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ दूसरे टेस्ट में नहीं खेलेंगे। बीसीसीआई की मेडिकल टीम इस टेस्ट मैच के दौरान उनकी निगरानी करेगी। केएल राहुल उनकी अनुपस्थिति में टीम की कप्तानी करेंगे। कोहली की जगह हनुमा विहारी को टीम में शामिल किया गया है। टॉस के बाद केएल राहुल ने भी विराट की सेहत पर जानकारी दी थी और कहा था कि उनके पीठ के ऊपरी हिस्से में ऐंठन है और उम्मीद है कि वह अगले टेस्ट के लिए ठीक हो जाएंगे। उन्होंने साथ ही टेस्ट में कप्तानी पर बात करते हुए कहा था कि अपने देश की कप्तानी करना हर भारतीय खिलाड़ी का सपना होता है। वास्तव में सम्मानित और इस चुनौती के लिए तत्पर हैं। हमने यहां कुछ अच्छी जीत हासिल की है और उम्मीद है कि हम इसे जारी रखेंगे। हमने वास्तव में एक टीम के रूप में अच्छा प्रदर्शन किया और इस मैच को लेकर वास्तव में उत्साहित हैं। मैच की बात करें तो भारत के कार्यवाहक कप्तान केएल राहुल ने सोमवार को जोहान्सबर्ग के इम्पीरियल वांडरर्स स्टेडियम में खेले जा रहे दूसरे टेस्ट मैच में दक्षिण अफ्रीका के खिलाफ टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला किया। भारत की शुरूआत खराब रही और टीम ने पहले सत्र में 3 विकेट गंवाकर 53 रन बनाए।

## क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया के सीईओ हॉकले हुए संक्रमित



**सिडनी (एजेंसी)।**

क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया (सीए) के मुख्य कार्यकारी अधिकारी (सीईओ) निक हॉकले कोविड-19 से संक्रमित पाये गये हैं। सीए ने कहा है कि इससे एशेज सीरीज पर कोई प्रभाव नहीं पड़ेगा क्योंकि हॉकले का खिलाड़ियों के साथ कोई सीधा कोई संपर्क नहीं रहा है। इससे साफ है कि कि एशेज में भाग लेने वाली टीम सुरक्षित है। सीए के अनुसार हॉकले को पहले ही टीके की दोनो डोज लगी है। उनमें हल्के लक्षण पाए गए थे और इसके बाद हुई पीसीआर जांच में सामने आया कि वह संक्रमित हैं। सीए के अनुसार हॉकले में हल्के लक्षण पाए गए और जांच रिपोर्ट के बाद तत्काल ही अलग-थलग कर दिया। हॉकली अब अपने परिवार के साथ घर पर हैं और एनएसडब्ल्यू (न्यू साउथ वेल्स) सरकार के दिशानिर्देशों और क्वारंटाइन प्रोटोकॉल का पालन कर रहे हैं। वहीं हॉकले ने कहा कि वह स्वास्थ्य हैं। उन्होंने कहा कि मैं अपने परिवार के साथ घर पर अलग-थलग हूं जो नेगेटिव पाए गए हैं। साथ ही कहा कि हाल के दिनों में हमने ऑस्ट्रेलियाई पुरुष एशेज टीम और बीबीएल (बिग बैश लीग) की कुछ टीमों के मामले देखे हैं। कोविड संक्रमण प्रमुख खेल आयोजनों के लिए परेशानी पैदा करता है और एक बार फिर टीकाकरण के महत्व की याद दिलाता है। ऐसे में जितनी जल्दी हो सके बूस्टर प्राप्त करना और जैसे ही लक्षण स्वयं प्रकट होते हैं परीक्षण करवाना चाहिए।

## कोरोना संक्रमण के कारण राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताएं स्थगित

**नई दिल्ली ।** अखिल भारतीय शतरंज महासंघ (एआईसीएफ) ने देश में कोविड-19 संक्रमण के बढ़ते हुए मामलों को देखते हुए राष्ट्रीय शतरंज प्रतियोगिताएं स्थगित कर दी हैं। एआईसीएफ ने यह कदम कोरोना संक्रमण के मामलों की बढ़ती संख्या और कई राज्यों द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों को देखते हुए उठाया है। इसके साथ ही राष्ट्रीय स्तर की सभी प्रतियोगिताओं को स्थगित कर दिया गया है। एआईसीएफ के अनुसार जिन प्रतियोगिताओं को स्थगित किया गया है उनमें राष्ट्रीय जूनियर, सब-जूनियर और राष्ट्रीय स्कूल चैंपियनशिप शामिल हैं। इनका नया कार्यक्रम बाद में तय किया जाएगा। एआईसीएफ सचिव भरत सिंह चौहान ने कहा, ''अलग तरह के स्वरूप के साथ महामारी की नयी लहर और विभिन्न राज्यों द्वारा लगाये गये प्रतिबंधों को देखते हुए एआईसीएफ ने जनवरी 2022 (राष्ट्रीय जूनियर, राष्ट्रीय स्कूल और राष्ट्रीय सब-जूनियर) में होने वाली राष्ट्रीय चैंपियनशिप को स्थगित कर दिया है।'' राष्ट्रीय जूनियर चैंपियनशिप (अंडर-20) नौ जनवरी से नयी दिल्ली में आयोजित होने वाली थी जबकि अन्य प्रतियोगिताएं बाद में होनी थीं। साथ ही कहा कि खिलाड़ी प्रवेश शुल्क की राशि वापस भी ले सकते हैं।

# एफआईएच प्रो लीग में एशियाई खेलों के लिए नए संयोजन आजमाएंगे : मनप्रीत



**बेंगलुरु (एजेंसी) ।**

इस साल एशियाई खेलों में कड़ी प्रतिस्पर्धा को देखते हुए भारतीय हॉकी टीम के कप्तान मनप्रीत सिंह ने कहा कि इसकी तैयारी के लिए एफआईएच प्रो लीग में नए संयोजनों को आजमाया जाएगा। मनप्रीत की अगुवाई में भारत ने टोक्यो में 41 साल में पहला ओलंपिक पदक जीता था। भारतीय टीम को कांस्य पदक मिला था। उन्होंने कहा, 'एशियाई खेल इस साल का सबसे बड़ा टूर्नामेंट होगा। इसमें प्रतिस्पर्धा काफी कठिन होगी क्योंकि हर टीम स्वर्ण पदक जीतकर ओलंपिक का टिकट कटाना चाहेगी।' एशियाई खेल 10 सितंबर से शुरू होंगे और स्वर्ण पदक जीतने वाली टीम सीधे ओलंपिक के लिए क्वालीफाई करेगी। भारत ने जकार्ता में 2018 में हुए एशियाई खेलों में कांस्य पदक जीता था। एफआईएच प्रो लीग भुवनेश्वर में फरवरी में खेली जायेगी जिसमें भारत का सामना स्पेन, जर्मनी, अर्जेंटीना और इंग्लैंड से होगा। मनप्रीत ने कहा, 'यह साल काफी रोमांचक होगा जिसमें एक के बाद एक टूर्नामेंट होने हैं। फरवरी में एफआईएच प्रो लीग खेली जाएगी। हम दो साल बाद भुवनेश्वर में खेलेंगे। एफआईएच प्रो लीग से हमें एशियाई खेलों से पहले अच्छा अभ्यास मिलेगा। इसमें हम अलग अलग संयोजन आजमा सकेंगे।% भारतीय खिलाड़ी बेंगलुरू में भारतीय खेल प्राधिकरण केंद्र में राष्ट्रीय शिविर में भाग लेंगे। मनप्रीत ने कहा, 'दस दिन का ब्रेक अच्छा रहा जिसमें हमने अपने परिवार के साथ समय बिताया। हम मानसिक रूप से तरोताजा होकर शिविर में पहुंचेंगे। इसमें पिछले साल के प्रदर्शन का आकलन करके आगे के लिये रणनीति भी तैयार करेंगे।%

## पंजाब के खेल मंत्री पर बरसी मूक-बधिर विश्व चैम्पिनशिप की विजेता



**नई दिल्ली ।** विश्व मूक बधिर शतरंज चैंपियनशिप की स्वर्ण और दो रजत पदक जीतने वाली खिलाड़ी मलिका हांडा ने पंजाब सरकार पर जमकर निशाना साधा है। मलिका ने कहा कि जब वह पंजाब के खेल मंत्री परगट सिंह से मिलीं तो खेलमंत्री ने कहा ने राज्य सरकार उन्हें नौकरी और नकद इनाम नहीं दे सकती क्योंकि सरकार के पास मूक बधिर खेलों के लिए ऐसी कोई नीति ही नहीं है। हांडा ने ट्वीट किया, मैं बहुत आहत हूं। 31 दिसंबर को मैं पंजाब के खेल मंत्री से मिली अब उन्होंने कहा कि पंजाब सरकार नौकरी नहीं दे सकती और न ही नकद पुरस्कार क्योंकि उनके पास बधिर खेलों के लिए नीति नहीं है। वहीं पूर्व खेल मंत्री ने नकद पुरस्कार की घोषणा की है, इसका मेरे पास निमंत्रण पत्र भी है जिसमें मुझे आमंत्रित किया गया था पर उस कार्यक्रम को कोविड के कारण रद्द कर दिया गया था। यह बात जब मैंने वर्तमान खेल मंत्री के सामने रखी तो उन्होंने स्पष्ट रूप से कहा कि यह घोषणा पूर्व मंत्री ने की थे मैंने घोषणा नहीं की और इसलिए सरकार ऐसा नहीं कर सकती। मलिका के मुताबिक पंजाब के पूर्व खेल मंत्री ने उन्हें नकद पुरस्कार देने की भी घोषणा की थी। साथ ही कहा कि कांग्रेस सरकार का इस प्रकार खिलाड़ियों से धोखा नहीं करना चाहिये।

# कोविड गाइडलाइन का उल्लंघन करनेवाले ट्यूशन क्लासिस के खिलाफ कार्यवाही के आदेश

**अहमदाबाद।**

शहर समेत राज्यभर में कोरोना के लगातार बढ़ते मामले को लेकर स्वास्थ्य विभाग हरकत में आ गया है। पिछले कुछ दिनों में स्कूलों में कई विद्यार्थियों के कोरोना संक्रमित होने के बाद प्राथमिक स्कूलों को संचालकों ने स्वैच्छिक रूप से बंद कर दिया है। दूसरी ओर ट्यूशन क्लासिस धडल्ले से चल रहे हैं। कोरोना मामलों के लगातार बढ़ने से फिर एक बार ट्यूशन क्लासिस बंद होने आसार नजर आ रहे हैं। कोविड गाइडलाइन का पालन नहीं करनेवाले ट्यूशन क्लासिसों के खिलाफ कार्यवाही करने का आदेश जारी कर दिए गए हैं। दरअसल पिछले एक सप्ताह में कोरोना के मामले दो हजार को पार गए हैं, जिसे देखते हुए शहरभर में कोविड नियमों का उल्लंघन नहीं करनेवालों क खिलाफ महानगर पालिका ने कार्यवाही शुरू कर दी है। शहर समेत राज्यभर में कोरोना संक्रमण तेजी से फैल रहा है। खासकर पिछले कुछ दिनों में अलग अलग स्कूलों में 18 से अधिक विद्यार्थी संक्रमित हुए हैं। जिन स्कूलों में विद्यार्थी संक्रमित हुए हैं उन्हें ऑफलाइन शिक्षा बंद करने का जिला शिक्षा अधिकारी द्वारा आदेश दे दिया गया है। पश्चिमी अहमदाबाद की कई प्राथमिक स्कूलों ने स्वैच्छा से ऑफलाइन शिक्षा बंद कर ऑनलाइन शिक्षा कार्य शुरू कर दिया है। आगामी दिनों में स्थिति की समीक्षा करने के बाद स्कूल दोबारा खोलने पर फैसला किया जाएगा। लगातार संक्रमण बढ़ने के बावजूद शहर में कई ट्यूशन क्लासिस धड़ल्ले से चल रहे हैं, जिनके खिलाफ आनेवाले दिनों में कार्यवाही की जा सकती है। अहमदाबाद में करीब 4500 से ज्यादा ट्यूशन क्लासिस चल रहे हैं। अहमदाबाद महानगर पालिका की स्वास्थ्य टीम जिस प्रकार शहर के खान-पान के स्थलों पर कोविड नियमों का पालन नहीं करनेवालों के खिलाफ कार्यवाही कर रही है, उसी प्रकार अब ट्यूशन क्लासिस में औचक जांच करेगी और नियमों का उल्लंघन करनेवाले ट्यूशन क्लासिस संचालकों के खिलाफ कार्यवाही करेगी। शहर में कई ट्यूशन क्लासिस संकरी जगह में चल रहे हैं, जहां कोविड नियमों का कोई पालन नहीं होता। आनेवाले समय में यदि कोरोना के केसों में वृद्धि होती है तो ट्यूशन क्लासिस बंद करने या उसे सील किया जा सकता है।

# कोरोना के बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य मंत्री ने कहा-गुजरात लॉकडाउन नहीं होगा




**अहमदाबाद ।**

गुजरात में कोरोना के लगातार बढ़ते मामलों के बीच स्वास्थ्य मंत्री ऋषिकेश पटेल ने बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि राज्य में फिलहाल लॉकडाउन लगाने पर कोई विचार नहीं किया जा रहा। अहमदाबाद के सिविल अस्पताल में आज से गुजरातभर में 15 से 18 वर्षीय किशोरों के वैक्सीनेशन की मेगा ड्राइव का प्रारंभ कराते हुए ऋषिकेश पटेल ने कहा कि समूचा राज्य आज खुला है और हमेशा खुला रहे यह इच्छनीय है। लॉकडाउन आम लोगों की आर्थिक मुश्किलें बढ़ाएंगी, इसलिए फिलहाल राज्य में लॉकडाउन की कोई संभावना नहीं है। हांलाकि इसके लिए लोगों को कोविड नियमों का सख्ती से पालन करना जरूरी है। सभी लोगों से अपील है कि वे पूरा ऐहतियात बरतें और सोशल डिस्टेंस के साथ मास्क का अनिवार्य रूप से उपयोग करें। स्वास्थ्य मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में देशभर में 16 जनवरी 2021 से कोविड वैक्सीनेशन के महाअभियान का प्रारंभ कराया गया था। राष्ट्रभर में सुदृढ़ आयोजन के चलते 10 प्रतिशतसे अधिक नागरिकों को पहला डोज देकर उन्हें सुरक्षा कवच प्रदान किया जा चुका है। राज्य में करीब 95 प्रतिशत नागरिकों को कोरोना का पहला टीका लगा दिया गया है। गुजरात में 15 से 18 वर्षीय किशोरों को कोरोना से सुरक्षित करने के लिए मुख्यमंत्री भूपेन्द्र पटेल के मार्गदर्शन में कोविड वैक्सीनेशन की मेगा ड्राइव का आज से प्रारंभ हो गया है। इस मेगा ड्राइव के अंतर्गत राज्य की स्कूलों समेत अन्य विद्यार्थी और किशोरों को कोविड वैक्सीन दी जाएगी। 3 जनवरी से 9 जनवरी तक चलनेवाले राज्यव्यापी अभियान के दौरान एक भी किशोर वैक्सीन से वंचित नहीं रह जाए इसके लिए संनिष्ठ प्रयास किए जाएंगे। फिलहाल 15 से 18 वर्ष आयु के किशोरों को वैक्सीन का पहला डोज दिया जाएगा, जिसके लिए राज्य को पर्याप्त मात्रा वैक्सीन का स्टॉक उपलब्ध कराया गया है। राज्य में करीब 6306 से ज्यादा केन्द्रों पर टीकाकरण की आज से शुरुआत की गई है।

# वाइब्रेंट समिट से पूर्व प्रि-वाइब्रेंट इवेन्ट के अंतर्गत सोमवार को 39 एमओयू हुए

**अहमदाबाद।**

गुजरात सरकार के वाइब्रेंट समिट के प्रि-इवेन्ट के अंतर्गत सोमवार को विविध कंपनियों के साथ एमओयू किए जाते है। आगामी सोमवार से वाइब्रेंट समिट की शुरुआत होने वाली है। इसके तहत छठे और अंतिम चरण के तहत सोमवार हुए 39 एमओयू किए गए। इससे पहले उद्योगों के साथ करोड़ों के एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए है। गुजरात के शिक्षा मंत्री जीतू वाघाणी, राज्य स्तर के मंत्री जगदीश पंचाल की उपस्थिति में एमओयू किए गए। छठे चरण के अंतर्गत किए एमओयू में स्टील, सीमेन्ट, मैन्यूफेक्चरिंग, कैमिकल, बूलेटप्रुफ जैकेट, एग्रो प्रोसेसिंग, प्लास्टिक और ऊर्जा सेक्टर जैसे कई क्षेत्रों की कंपनियों के साथ गुजरात सरकार की ओर से वाइब्रेंट समिट के तहत एमओयू किए गए है। इसके साथ सरकार के विविध और निजी क्षेत्र की यूनिवर्सिटी के बीच स्ट्रेटेजिक एमओयू भी किए गए है। इसी तरह एमओयू गोधरा, पुलिस विभाग और एक निजी यूनिवर्सिटी के बीच किया गया है। इस एमओयू के तहत पुलिस विभाग को यूनिवर्सिटी की ओर से कानूनी तौर पर मदद मिलेगी। इसके अलावा यूनिवर्सिटी के विद्यार्थियों को प्रेक्टीकल ज्ञान पुलिस की ओर से प्रदान किया जाएगा। इसके अलावा स्वर्णिम स्टार्टअप एन्ड इनोवेशन यूनिवर्सिटी रिसर्च एन्ड इनोवेशन सेंटर फोर सस्टेइनेबल एनर्जी एन्ड टेक्नोलोजी रिसर्च के लिए एमओयू तथा सेन्ट्रल इंस्टीट्यूट ऑफ पेट्रोकेमिकल्स इंजीनियरींग एन्ड टेक्नोलोजी द्वारा सरकारी पॉलिटेकनिक तथा डिग्री इंजीनियरींग कॉलेजों के विद्यार्थियों को तालीम कार्यक्रम के एमओयू किए गए7 मंत्री जीतू वाघाणी ने बताया कि आज 39 एमओयू किए गए है। उन्होंने उद्योगजगत के अग्रणियों को गुजरात की विकास यात्रा में शामिल होने के लिए आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि, इन सभी के प्रोजेक्ट को लागू करने के लिए सरकार की ओर से सभी मदद की जाएगी। गुजरात वाइब्रेंट समिट से पूर्व प्रि-वाइब्रेंट इवेंट की छह चरणों की श्रृंखला में अब तक 135 एमओयू गुजरात सरकार और निजी कंपनियों के बीच हुए है।

# अहमदाबाद मंडल की आरपीएफ टीम ने दो शराब तस्करों को पकडा


**अहमदाबाद ।** यात्रियों के जीवन और सामान की सुरक्षा के लिए अहमदाबाद मंडल के रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के जवान हमेशा अग्रणी रहते हैं। आरपीएफ विभिन्न स्टेशनों पर चोरों और संदिग्धों को पकड़ कर रेलवे परिसरों स्टेशनों एवं ट्रेनों में अपराधों की रोकथाम के लिए सदैव प्रयासरत रहते हैं। मंडल रेल प्रवक्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि साबरमती पोस्ट के निर्देशन में उप निरीक्षक महावीर सिंह गुर्जर मय स्टाफ रेल सवारी गाडियो मे अवैध रूप से अंग्रेजी / देशी शराब की तस्करी करने वाले व्यक्तियों की धरपकड करने के लिए टीम का गठन किया गया। RPF टीम द्वारा सवारी गाडी सं- 148 22 (साबरमती- जोधपुर पैसेंजर एक्स) को आज दिनांक 03.01.2022 को साबरमती से खोडियार स्टेशन तक चेकिंग व गुप्त निगरानी के दौरान समय 07:00 बजे उक्त गाडी के जनरल कोच मे से दो बाहरी व्यक्तियो को जिसका नाम क्रमश (1) रीहान S/O अबरार कुरेशी उम्र -21 वर्ष, निवासी- शेखखान महोल्ला गाँव-अछनेरा ता- किरावली, जिला-आगरा (UP) (2) जल्लो S/O जमील कुरेशी उम-20 वर्ष, निवासी - बाग किल्ला महोल्ला, गाँव-किरावली, तहसील- किरावली, जिला-आगरा (UP) को 03 पिट्ठू बेग काले कलर के अंदर अंग्रेजी सील बंध शराब की बोतले जिस पर BLACK JAGUAR XXX Rum " for Made in ALWAR , Rajasthan " 750 ML की कुल नग 24, कीमत अंदाजन 8 376/- एवं तथा BLACK JAGUAR XXX Rum "for Made in ALWAR, Rajasthan "180 रूरू की 48 नग कीमत अंदाजन 4080/-, कुल 72 नग की कुल कीमत अंदाजन 12456/- ,शराब की बोतलों के साथ रंगे हाथो पकडा । उक्त पकडे गए व्यक्तियों से पूछताछ करने पर उनके पास से पकडी गई शराब के बारे मे किसी प्रकार का संतोष जनक जवाब नही देने पर अग्रिम कार्रवाई हेतु जीआरपी साबरमती को सुपुर्द किया गया है।

# अहमदाबाद मंडल के 02 रेल कर्मचारी रेल संरक्षा में उत्कृष्ट कार्य के लिए सम्मानित

**अहमदाबाद ।** पश्चिम रेलवे के अहमदाबाद मंडल के दो रेलकर्मियों को संरक्षा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्य करने के लिए मण्डल रेल प्रबंधक तरुण जैन द्वारा "मैन ऑफ द मंथ" पुरस्कार से सम्मानित किया गया। वरिष्ठ मंडल संरक्षा अधिकारी ए.वी. पुरोहित के अनुसार अहमदाबाद मण्डल के उल्लेखनीय कार्य करने वाले 02 रेलकर्मी जिन्होंने संभावित रेल हादसों को रोकने में लगन,निष्ठा एवं मेहनत से समय रहते हुए कार्य किया एवं उच्च अधिकारियों को सूचित किया जिससे संभावित दुर्घटनाओं को टाला जा सका। जिनका संक्षिप्त विवरण निम्नानुसार हैं:-

थानसिंह-लोको पायलट एवं पंकज कुमार मीना- सहायक लोको पायलट दिनांक 24.12.2021 को सेक्शन पालनपुर-गांधीधाम, ट्रेन नंबर CMLK/MDCC Loco No. 12224 साबरमती लेकर गांधीधाम आ रहे थे, जिस दौरान सेक्शन भुटकिया भीमासर में लाइन न. 1 से ' 1-00 बजे 00-49" मिनट पर चले और पदमपुर में लाइन न. 3 में रिसीव किया। गाडी खड़ी होने से पूर्व KM संख्या 206/5-6 के बीच लोको में असामान्य जर्क महसुस किया। जिसके बाद फौलिंग मार्क साफ करके गाडी को तुरंत खड़ी किया, और गाडी चेक करने पर पाया कि लोको के पीछे तीसरे नंबर कि सेकंड बोगी के व्हील के नीचे रेल फ्रैक्चर था, जिसकी सूचना पदमपुर स्टेशन मास्टर को दी। नरेश कुमार, ट्रैक मैन, गेंग नं. 22 को दिनाँक 19.12.2021 को वाघपुरा-वराही के बीच रात्री पेट्रोलिङ्ग के दौरान समय 01:18 बजे रेल में हेयर क्रैक मिला एवं उन्होंने अपनी सूझ-बूझ का परिचय देते हुए इसकी सूचना तुरन्त वरिष्ठ सेक्शन इंजीनियर (P-Way) एवं स्टेशन अधीक्षक वाघपुरा को दी। थानसिंह-लोको पायलट तथा श्री नरेश कुमार की सतर्कता व समय सुचाकता के कारण रेल दुर्घटना को होने से बचाया, यह कार्य अत्याधिक सराहनीय एवम् प्रशंसा के पात्र है।


# गुजरात में कोरोना का कहर जारी, एक दिन में 1259 नए मरीज, 151 हुए ठीक, 3 मौतें




**अहमदाबाद।**

गुजरातभर में सोमवार को कोरोना के 1259 नए मरीज मिले हैं, वहीं 151 ठीक होकर अपने घर लौट गए। राज्य में रिकवरी रेट घटकर 98.09 प्रतिशत रह गया है। कुल नए केसों में आधे से ज्यादा केस अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में दर्ज हुए हैं। आज 3 मरीजों की कोरोना से मौत हो गई। आज राज्यभर में 1.46 लाख से अधिक लोगों के वैक्सीनेशन के राज्य में टीकाकरण का आंकड़ा 9 करोड़ को पार कर गया है। स्वास्थ्य विभाग से मिली जानकारी के मुताबिक पिछले 24 घंटों में अहमदाबाद कॉर्पोरेशन में कोरोना के सबसे अधिक 631 नए मरीज सामने आए हैं। सूरत कॉर्पोरेशन में 213, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 68, वलसाड में 40, राजकोट कॉर्पोरेशन में 31, आणंद में 29, खेडा में 24, राजकोट में 24, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 18, भावनगर कॉर्पोरेशन में 11, भरुच में 16, नवसारी में 16, अहमदाबाद में 13, मेहसाणा में 12, मोरबी में 12, सूरत में 12, कच्छ में 11, गांधीनगर में 10, जामनगर में 9, जामनगर कॉर्पोरेशन में 8, वडोदरा में 8, महीसागर में 6, गिर सोमनाथ में 5, साबरकांठा में 4, अमरेली में 3, सुरेन्द्रनगर में 3, तापी में 3, देवभूमि द्वारका में 2, अरवल्ली में 1, बनासकांठा में 1, भावनगर में 1, दाहोद में 1, जूनागढ़ में 1 और पोरबंदर में 1 समेत राज्यभर में कोरोना के कुल 1259 नए केस दर्ज हुए हैं। वहीं 151 लोगों को ठीक होने के बाद डिस्चार्ज किया गया। जिसमें अहमदाबाद में 32, वडोदरा कॉर्पोरेशन में 31, सूरत कॉर्पोरेशन में 11, सूरत में 9, आणंद में 8, भावनगर कॉर्पोरेशन में 8, राजकोट में 6, वलसाड में 5, अहमदाबाद में 4, जामनगर में 4, वडोदरा में 4, खेडा में 3, गांधीनगर कॉर्पोरेशन में 2, अमरेली में 2, जूनागढ़ में 2, नवसारी में 1, भरुच में 1, जामनगर कॉर्पोरेशन में 1, अमरेली में 1, देवभूमि द्वारका में 1, बनासकांठा में 1, पोरबंदर में 1 और डांग में 1 व्यक्ति शामिल है। पिछले 24 घंटों में जामनगर कॉर्पोरेशन में 2 और नवसारी में 1 समेत राज्य में कोरोना से तीन मरीजों की मौत हो गई। कोरोना से राज्य में अब तक कुल 10123 मरीजों की मौत हो चुकी है। जबकि 81904। लोग कोरोना से स्वस्थ हो चुके हैं। राज्य में फिलहाल 5858 सक्रिय मरीजों में 5842 स्टेबल हैं और 16 मरीज वेन्टीलेटर पर हैं।

# कोसाड आवास में 30 साल के युवक ने चार साल की मासूम बच्ची से दुष्कर्म किया




**अहमदाबाद।**

शहर के कोसाड आवास में नए साल के पहले दिन चार साल की बच्ची से दुष्कर्म की घटना सामने आई है। पुलिस ने पोस्को एक्ट के तहत मामला दर्ज कर आगे की कार्यवाही शुरू की है। जानकारी के मुताबिक सूरत के कोसाड आवास निवासी और अंजनी इंडस्ट्रीज में सेवारत एक कर्मचारी 1 जनवरी को नाइट शिफ्ट में जा रहा था। घर में पत्नी और चार साल की बच्ची अकेली थी। जिससे कर्मचारी की पत्नी ने अपनी बेटी को उसी आवास में रहनेवाली चाची की पुत्री को बुलाने के लिए भेजा था। चार साल की मासूम बच्ची सीढियों से नीचे उतर रही थी, उस वक्त नीचे के फ्लैट में रहनेवाले हेमंत से मिलने आए अकबर उस्मान नामक 30 वर्षीय शख्स ने बच्ची को मकान में खींच लिया। यह घटना एक अन्य बच्ची ने देख ली। दूसरी ओर काफी समय बीतने के बावजूद बेटी को नहीं लौटने पर उसकी मां नीचे चाची से पूछने गई थी। जहां चाची ने बताया कि बच्ची यहां आई ही नहीं है। जिसके बाद बच्ची की माता समेत आवास में रहनेवाले अन्य लोगों ने उसकी खोजबीन शुरू कर दी। लेकिन उसका कोई अता पता नहीं मिला। उस वक्त अकबर को देखने वाली बच्ची ने घटना का जिक्र किया। इस पर सभी महिलाएं हेमंत के फ्लैट पर पहुंच गई। फ्लैट का दरवाजा बंद होने पर उस खुलवाने का प्रयास किया। दरवाजा नहीं खुलने पर महिलाओं ने दरवाजा तोड़ने की बात की, जिसे सुनकर भीतर मौजूद अकबर ने खुद दरवाजा खोल दिया। लेकिन तब तक शैतान शख्स ने बच्ची को नोंच डाला था। यह घटना उस समय हुई कोसाड आवास में नए साल की पार्टी चल रही थी, जिसमें डीजे बज रहा था। वहीं उसके बगल स्थित बिल्डिंग बर्थ डे पार्टी चल रही थी। इन दोनों पार्टियों की शोरगुल में बच्ची की चीख-पुकार दब गई। घटना के वक्त हेमंत, जिसके मकान में यह घटना हुई वह बगल की बिल्डिंग में आयोजित बर्थ डे पार्टी में गया था और अकबर उसके घर में अकेला था। घटना का पता चला तो वह अपने फ्लैट पर पहुंच गया। पीड़ित बच्ची के पिता की नाइट शिफ्ट थी, सुबह लौटने पर पता चला तो अकबर के खिलाफ पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज करवा दी। वडोदरा में रहकर पान की दुकान में नौकरी करने वाला अकबर उस्मान बिहार का मूल निवासी है। चार-पांच दिन पहले ही वह सूरत के उधना आया था। जहां से नए साल पर कोसाड में रहनेवाले अपने दोस्त हेमंत से मिलने पहुंचा था। जहां हेमंत के नहीं होने का अकबर फायदा उठाया और मासूम बच्ची को अपनी हवस का शिकार बनाया। पुलिस ने पोक्सो एक्ट के तहत केस दर्ज कर कानूनी कार्रवाई शुरू की है।

# लिकर केस में आप नेता ईसुदान गढवी को मिली जमानत




**अहमदाबाद।**

आम आदमी पार्टी (आप) नेता ईसुदान गढ़वी को लिकर केस में जमानत पर रिहा कर दिया गया। इस मामले में ब्लड रिपोर्ट पॉजिटिव आने के बाद ईसुदान गढ़वी खुद ही गांधीनगर के इंफोसिटी पुलिस थाने में हाजिर हो गए। जहां पुलिस ने प्रोहिबिशन एक्ट के तहत उन्हें गिरफ्तार किया और बाद में जमानत पर रिहा कर दिया। पुलिस थाने में सरैंडर करने से पहले ईसुदान गढवी ने अहमदाबाद में पत्रकार परिषद की और कहा कि मैं देवी माता की सौंगद जीवन में मैंने कभी शराब का सेवन नहीं किया। गढवी ने कोई टेस्ट कराने की भी तैयारी दिखाई। गौरतलब है कि हेड क्लर्क की परीक्षा के पर्चे लीक होने के मुद्दे आप नेता और कार्यकर्ताओं ने भाजपा के प्रदेश मुख्यालय में काफी हंगामा किया था। जिसके लिए पुलिस ने आप के 93 कार्यकर्ताओं को गिरफ्तार किया था। उस दौरान भाजपा की महिला कार्यकर्ता ने आरोप लगाया था कि घटना के दौरान आप नेता ईसुदान गढ़वी शराब के नशे में थे और उन्हें छेड़छाड़ की थी। इस आरोप के बाद पुलिस ने गढवी का गांधीनगर के सिविल अस्पताल में मेडिकल जांच कराई, जिसकी रिपोर्ट नेगेटिव आई थी। लेकिन 11 दिनों बाद जेल से रिहा होने के दूसरे दिन रिपोर्ट पॉजिटिव आने पर पुलिस ने प्रोहिबिशन एक्ट के तहत केस दर्ज कर लिया। हांलाकि पुलिस कोई कार्यवाही करे उससे पहले ईसुदान गढ़वी पुलिस थाने में हाजिर हो गए, जहां कुछ ही मिनटों में उन्हें जमानत भी मिल गई।

स्वात्वाधिकारी, प्रकाशक, सम्पादकः संजय रमाशंकर मिश्रा द्वारा ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सुरत ( गुजरात ) प्रिन्टर्स- भूनेश्वरा प्रिन्टर्स, प्लाट नं. 29, परमानन्द इण्डस्ट्रीयल सोसायटी, चौकसी मील के पास, उधना मगदल्ला रोड़ ( गुजरात ) से मुद्रित एवं ११४, न्यू प्रियंका टाउनशीप अपार्टमेन्ट, डिंडोली, उधना, सूरत ( गुजरात ) से प्रकाशित। कार्यालय फोनः 0261-2274271, ( न्यायिक क्षेत्र सूरत रहेगा )